तापमान
अधिकतम 33.4 डिग्री
न्यूनतम 22.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

## मध्य हिस्से में दो दिन बाद मौसम बदलने के आसार, असर दिखाएगा चक्रवाती तूफान

रायपुर। बंगाल की खाड़ी में बनने वाले तूफान के प्रभाव से दो दिन बाद प्रदेश के मध्य हिस्से में भी मौसम बदलने के आसार हैं। 25 से 27 अक्टूबर के बीच बादल छाने से हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है। इसके बाद सिस्टम हटने के बाद उत्तर-पूर्वी हवा का असर होने और सीमावर्ती इलाकों में ठंड की दस्तक होने की संभावना बन रही है। अरब सागर से प्रदेश में आने वाली नमी को पूर्व मध्य बंगाल के ऊपर बना अवदाब अपनी ओर खींच रहा है। इसकी वजह से प्रदेश में मौसम में शुष्कता आ गई है। माना जा रहा है कि अगले दो दिन तक रात के शेष पेज 11 पर

■ तीन दिनों में बादल के साथ हल्की बारिश की संभावना भी

### बीस डिग्री से नीचे जाएगा तापमान

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर माह के अंत में रायपुर का तापमान बीस डिग्री से नीचे होकर 17-18 तक पहुंच जाता है। अभी रात का तापमान सामान्य से अधिक होकर 23-24 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसमें गिरावट आने की बहुत अधिक संभावना है। रायपुर में वर्ष 2022 में रात का पारा 17 डिग्री तक पहुंच गया था। पारा नीचे जाने से रात में राजधानी में भी हल्की ठंड महसूस हो सकती है।

# चक्रवाती तूफान ने रोकी ट्रेन, थम जाएंगे पुरी, अजमेर और अहमदाबाद एक्सप्रेस के पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चक्रवर्ती तूफान डाना के प्रभाव से ट्रेनों को बचाने के लिए रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ गया है। गहरे अवदाब का क्षेत्र 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा और 25 अक्टूबर की सुबह पुरी और सागर के बीच उत्तरी ओडिशा और दक्षिणी पश्चिम बंगाल के तटों को गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पार करेगा। इस दौरान हवा की गति 100-110 किलोमीटर प्रति घंटा से लेकर 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है। इस वजह से रेलवे ने पुरी, सूरत, अहमदाबाद व अजमेर जाने वाली ट्रेनों को रद्द किया है। रेलवे ने यह निर्णय सुरक्षा के मद्देनजर लिया है। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। खासकर ऐसे यात्री, जिन्होंने महीनों पहले दीपावली पर यात्रा की योजना बनाकर रिजर्वेशन कराया है। अब वे तक गंतव्य तक नहीं जा पाएंगे या फिर उन ट्रेनों में आरक्षण कराने मशक्कत शेष पेज 11 पर

### 24 को पुरी की 4 ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

चक्रवर्ती तूफान डाना का प्रभाव उत्तरी ओडिशा की ओर अधिक बताया जा रहा है। इस वजह से रेलवे ने 24 नवंबर को पुरी आने व जाने वाली 4 ट्रेनों को रद्द किया है। इसके अलावा 26 को भी अहमदाबाद-पुरी नहीं चलेगी। 29 को अजमेर-पुरी का परिचालन नहीं होगा। इस सप्ताह में पुरी की ट्रेन कम रहेगी। टिकट आरक्षण केंद्र से मिली जानकारी के शेष पेज 11 पर

### ट्रेनों के प्रभावित होने से अब यात्री तलाश रहे दूसरा विकल्प




#### यह ट्रेन रहेगी रद्द

- 22865 एलटीटी पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।
- 18426 दुर्ग पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।
- 09060 ब्रह्मपुर सूरत एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।
- 20824 अजमेर पुरी एक्सप्रेस दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### 7 सहायक डीएड अभ्यर्थियों के विरुद्ध केस दर्ज

**रायपुर।** अपनी मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव का प्रयास कर प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने 8 सहायक डीएड अभ्यर्थियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें ओमप्रकाश साहू निवासी लोरमी, मेघा पाण्डे निवासी कोरबा, संतोष साहू, कुलदीप वर्मा, कमल राजपूत निवासी मुंगेली, इनायत अली, सतीश निषाद निवासी वैशाली नगर भिलाई के नाम शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध आम रास्ता रोककर आवागमन बाधित करने, पुलिस स्टाफ द्वारा समझाइश देने के बाद भी पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की कर पुलिस कार्य में बाधा डालने के मामले में धारा 191(2), 126(2), 221 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।


### करोड़ों की ठगी मामले का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** करोड़ों की ठगी के मामले में पटना के रूपेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जालसाजी के इस मामले में पुलिस ने दूसरी गिरफ्तारी की है। देवेंद्र नगर में रहने वाले दशरथ कुकरेजा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गोपाला इंटरप्राइजेस का संचालन करता है। आरोपी भूपेंद्र सिंह ने रूपेश तथा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उससे लगभग साढ़े तीन करोड़ के स्टील के रॉ मटेरियल की हेराफेरी की थी। पुलिस ने इस मामले में फैज को पहले ही गिरफ्तार किया और दूसरी कार्रवाई रूपेश के खिलाफ की गई है।



### सड़क हादसे में महिला की मौत

**रायपुर।** कुशालपुर ओवरब्रिज के पास रोड एक्सीडेंट में एक महिला की मौत हो गई। मोबाइल से मिली सूचना के आधार पर डॉयल 112 की टीम घटनास्थल पहुंची थी, जहां महिला गंभीर हालत में मिली थी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से उसकी पहचान का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। पुलिस उसके हुलिए के आधार पर शिनाख्ती का प्रयास कर रही है।



### सेंट्रल जेल में हाईप्रोफाइल कैदियों को विशेष सुविधा मिलने की खबर के बाद फैसला

# ईडी के आरोपी जेल बदर, रायपुर से शिफ्ट होंगे दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, जगलदपुर और कांकेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ईडी से जुड़े कई मामलों में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हाई प्रोफाइल आरोपियों को जेल बदर किया जाएगा। आरोपियों के संबंध में शिकायतें थीं कि उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट दिया रहा है। घर का खाना, ड्राइ फ्रूट्स और चवनप्राश उन्हें नियमित मिल रहा था। शिकायतें थी कि सेंट्रल जेल में ईडी के आरोपी सूर्यकांत तिवारी, अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा, समीर बिश्नोई, मनोज सोनी सहित अन्य आरोपियों को जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। इन सभी को सामान्य बैरक में न रखकर विशेष बैरक में रखकर उन्हें वीआईपी सुविधाएं दी जा रही हैं। उसके बाद जेल प्रशासन ने उन्हें सामान्य बैरकों में शिफ्ट किया था। इसके बाद अब बड़ा फैसला लिया गया है। सभी कैदियों को रायपुर से बाहर शिफ्ट किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार इस मामले में ईडी कोर्ट ने सभी हाई प्रोफाइल कैदियों को अब अलग-अलग जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया है, ताकि उन्हें वीआईपी ट्रीटमेंट न मिल सके। कोयला, आबकारी एवं कस्टम मिलिंग घोटाले जैसे अलग-अलग मामलों में फंसे सूर्यकांत तिवारी, समीर बिश्नोई, अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा, एपी त्रिपाठी, मनोज सोनी सहित अन्य आरोपी रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें कई आरोपियों को जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट देने के लिए उन्हें विशेष बैरक में रखा गया है। विशेष बैरक में इन आरोपियों को खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य जरूरत सामग्री की विशेष सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं।

#### इस तरह से दी जा रही थी वीआईपी सुविधाएं

सूत्रों के अनुसार जेल में बंद हाई प्रोफाइल कैदियों को घर, होटल से खाना लाने, ड्राई फ्रूट, च्यवनप्राश, मोबाइल के साथ पंखा, कूलर तक की व्यवस्था की जा रही थी। हालांकि रायपुर सेंट्रल जेल के अधिकारी ने इस तरह की किसी भी प्रकार की सुविधाएं दिए जाने की खबर को गलत बताया था। उनका यही कहना था कि कैदियों के बैरक समय-समय पर बदले जाते हैं जो रूटीन प्रक्रिया है।


एपी त्रिपाठी की जमानत खारिज
माइनिंग घोटाला के आरोपियों की
रिमांड तीन माह के लिए बढ़ाई

#### इस तरह किया जाएगा शिफ्ट

सूत्रों के अनुसार आबकारी घोटाला मामले में फंसे आरोपी अनवर ढेबर को अंबिकापुर जेल, अनिल टुटेजा को कांकेर, एपी त्रिपाठी को जगदलपुर, कोयला घोटाला मामले के मुख्य सरगना सूर्यकांत तिवारी को जगदलपुर, कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में फंसे मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी को दंतेवाड़ा जेल में शिफ्ट किया जाएगा।

#### ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने जारी किया आदेश

सूत्रों की मानें, तो जेल में इन आरोपियों द्वारा विशेष बैरक में रहकर सिंडिकेट चलाने के कारण मिल रही विशेष सुविधाओं को लेकर ईडी ने कोर्ट में आवेदन लगाया था। ईडी ने मांग की थी कि इन सभी आरोपियों को भी जेल में बंद अन्य आरोपियों की तरह सामान्य सुविधाएं ही मिलें। जरूरत पड़े, तो हाई प्रोफाइल सभी आरोपियों को अलग-अलग जेल में शिफ्ट किया जाए, ताकि एक साथ विशेष बैरक में रहकर वे सिंडिकेट चला नहीं पाएं। सूत्रों के अनुसार ईडी की इस मांग पर अब सभी हाईप्रोफाइल कैदियों को अलग-अलग जेल में शिफ्ट करने का फरमान जारी किया गया है।

### गैंगस्टर अमन से पूछताछ करने पुलिस ने फिर लिया तीन दिन की रिमांड पर



रायपुर। झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू को कोर्ट ने 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस गैंगस्टर से अब तेलीबांधा क्षेत्र में कारोबारी के दफ्तर के बाहर कराई गई फायरिंग केस में पूछताछ करेगी। पुलिस को पूरा यकीन है कि इस वारदात के पीछे भी अमन साहू का ही हाथ है। इससे पूर्व गैंगस्टर अमन को 19 अक्टूबर को कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने उसे 28 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था, लेकिन पुलिस रिमांड पर लेकर उससे तेलीबांधा शेष पेज 11 पर

#### झारखंड से लाया गया है

विदित हो कि अमन साहू को रायपुर पुलिस ने प्रोटक्शन रिमांड पर 14 अक्टूबर को देर रात झारखंड और रायपुर के सशस्त्र 40 पुलिस अधिकारी-कर्मियों की कड़ी निगरानी में झारखंड से शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रपति के कार्यक्रम की सूचना पर जगमगाया बगीचा रूट बदलते ही फिर अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के बूढ़ापारा स्थित विवेकानंद सरोवर के मध्य नीलाभ गार्डन में मंगलवार को अंधेरा छाया रहा। एक पहले राष्ट्रपति के यहां आने की सूचना पर इलाके को रोशन किया गया था, लेकिन उनका रूट बदलने की खबर मिली और गार्डन की बत्ती गुल कर दी। केवल स्वामी विवेकानंद की ध्यानमग्न प्रतिमा के स्थल पर रंगीन रोशनी ही नजर आ रही है। नगर निगम प्रशासन ने राष्ट्रपति के आगमन को लेकर यहां साफ-सफाई से लेकर गार्डन के मुख्य द्वार पर रंगरोगन कराकर चकाचक कराया था। एंट्री पाइंट पर कुछ हेलोजन लाइट लगाकर आनन फानन में रोशनी का प्रबंध कराया, पर नीलाभ गार्डन में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त होती उससे पहले रूट बदल गया और पूरा बगीचा अंधेरे में डूब गया।



■ राष्ट्रपति के आने का कार्यक्रम बदला इसलिए बिजली गुल

नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण करने 35 करोड़ खर्च किए, पर प्राचीन सरोवर को शहरवासियों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं बना पाए। शहर के सबसे पुराने व लोकप्रिय बूढ़ा गार्डन, जिसे नीलाभ गार्डन कहा गया, वहां शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है। पहले यहां पर बूढ़ेश्वर मंदिर के सामने एंट्री पाइंट से लेकर शेष पेज 11 पर

### एलबी संवर्ग शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर कल देंगे धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर प्रदेशभर के एलबी संवर्ग शिक्षक वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर जिला मुख्यालयों में 24 अक्टूबर को धरना देंगे। इस दिन वे सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। मोर्चा के प्रदेश संयोजक विरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत और संजय शर्मा ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में इसकी शेष पेज 11 पर

■ जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन

#### वेतन विसंगति समेत कई मांगें

पत्रकारों से चर्चा में विरेंद्र दुबे ने बताया कि एलबी संवर्ग के शिक्षक मोदी की गारंटी लागू नहीं किये जाने से नाराज हैं। भाजपा के घोषणापत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने क्रमोन्नत वेतनमान देने और लंबित महंगाई भत्ता व देय तिथि से एरियर्स राशि देने का वादा किया गया है। इसके अलावा प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

# पहली बार चांदी एक लाख रुपए सोना 81 हजार के करीब पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार चांदी की कीमत एक लाख के पार हो गई है। इसी के साथ सोना अब 80 हजार से पार होकर 81 हजार के करीब पहुंच गया है। धनतेरस से पहले सोना 81 हजार पार हो सकता है। इस बार धनतेरस में ग्राहकों को सोना खरीदने के लिए बीते साल से 18 हजार रुपए दस ग्राम पर ज्यादा देने होंगे। बीते साल धनतेरस पर सोना 63 हजार रुपए था। इसके और पहले 2022 की बात करें तो सोना उस समय 50 हजार रुपए था। यानी दो साल में कीमत में 31 हजार का इजाफा हुआ है। इसी के साथ इस बार चांदी की कीमत में भी आग लगी है। चांदी भी धनतेरस से पहले एक लाख हो गई है। सोने और चांदी की कीमत में रोज शेष पेज 11 पर

#### धनतेरस से पहले रिकॉर्ड कीमत



#### चांदी की ज्यादा खपत से बढ़ी कीमत

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरखमालू ने बताया, चांदी के भाव में वृद्धि का कारण जहां पहले चांदी केवल ज्वेलरी में ही उपयोग होती थी अब सोलर में भारी मात्रा में चांदी की खपत हो रही है। पिछले दो वर्षों में चीन में चांदी की खपत काफी बढ़ी है इसके कारण चांदी के भाव में लगातार तेजी बनी हुई है और आगे भी इसके बढ़ने की संभावना है। सोने का लगातार रिकॉर्ड बनाने का कारण अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा लगातार ब्याज करो में कटौती की संभावना, मध्यक्षेत्र में बढ़ता राजनीतिक तनाव है।



## खबर संक्षेप



### सड़क डामरीकरण, सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने पार्षद व एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी के साथ पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में 53 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें सड़क डामरीकरण, सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य शामिल है। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में मंगलवार को 40 लाख रुपए की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य एवं 13 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी आज से

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल-2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 22 अक्टूबर को यूथ कॉन्क्लेव के साथ हुई। यह आयोजन 25 अक्टूबर तक चलेगा। राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करेंगे।

### जल संरक्षण : कांकेर की पंचायत को राष्ट्रीय पुरस्कार



**रायपुर।** जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासुलपानी को 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ पंचायत की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय जलमंत्री सीआर पाटिल द्वारा ग्राम पंचायत मासुलपानी की सरपंच रमिया नेताम को पुरस्कृत किया गया। जल संरक्षण के क्षेत्र में मासुलपानी पंचायत ने 161 जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 02 कुएं, 02 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

# रबी के धान की जगह दलहन-तिलहन, मक्का, उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा

## गर्मी के धान का रकबा 6475 हेक्टेयर कम करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर।

अलग खबर

रबी के सीजन में ली जाने वाली धान की फसल की जगह अब दलहन-तिलहन मक्का और अन्य उद्यानिकी फसलों के उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है। यही वजह है कि रायपुर जिले में गतवर्ष 11978 हेक्टेयर में ग्रीष्म कालीन धान की खेती की गई थी। इस वर्ष धान का रकबा 6478 हेक्टेयर कम कर के अन्य फसल जैसे दलहन 4125 हेक्टेयर में, तिलहन 1062 हेक्टेयर में, मक्का 89 हेक्टेयर में, उद्यानिकी 717 हेक्टेयर में, गेंहू 451 हेक्टेयर इस प्रकार कुल 6478 हेक्टेयर में प्रतिस्थापन की कार्ययोजना ग्रामवार बनाई गई है।



### धान कटाई के बाद उगाएं ये फसल

किसानों के सलाह दी गई है कि इस के लिए वर्षा आधारित स्थिति में धान के पश्चात उतेरा फसल के रूप में विभिन्न दलहनी फसल- तिवडा, चना, मसूर, बटरी, इत्यादि तिलहनी फसलों- अलसी, सरसों इत्यादि को उपयुक्त समय में पर्याप्त नमी की उपलब्धता में बुआई किया जाएं। जिन क्षेत्रो में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वहां पर रबी फसलों के लिए खेती की तैयारी अच्छे से करें। रबी के मौसम में मसूर, चना, मटर, सरसों, अलसी, कुसुम इत्यादि फसलों को खेतो को अच्छी तरह तैयार कर कतारों में बुआई करें। कृषक जिनके पास पर्याप्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वह खेत भलीभांति तैयार कर कतार में सिडड्रिल के माध्यम से गेहूं, मक्का, मटर, सरसों, सूर्यमूखी, आलू, प्याज एवं सब्जीयों की बुआई नवम्बर माह में पूर्ण कर लें तथा रागी फसल की बुआई जनवरी, फरवरी माह में किया जा सकता है।

## हर हाल में लक्ष्य पूरा करने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सख्त निर्देश

# सदस्यता लक्ष्य पूरा न कर पाने वाले सांसद-विधायकों से संगठन खफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के 50 लाख का लक्ष्य पार करने को लेकर जहां राष्ट्रीय संगठन ने सहारना की है, वहीं जो भी सांसद, विधायक और प्रदेश, जिला संगठन के पदाधिकारी लक्ष्य पूरा नहीं कर सके हैं, उनसे राष्ट्रीय संगठन खफा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सभी को लक्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी के साथ उन बूथों को लेकर भी नाराजगी सामने आई है, जहां 50 या इससे कम सदस्य बने हैं। इस पर भी फोकस करने कहा गया है। महिला सदस्य और ज्यादा बनाने के लिए भी कहा गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए सांसदों का जहां 20-20 हजार लक्ष्य तय किया है, वहीं विधायकों का लक्ष्य 10-10 हजार है। सांसदों में एकमात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही 20 हजार का लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं। इसके बाद महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी ने दस हजार का आंकड़ा पार किया है। इसके अलावा और कोई सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचा है। विधायकों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सारे मंत्री और करीब दो दर्जन विधायक ही दस हजार के लक्ष्य तक पहुंचे हैं। इसी के साथ अलग-अलग स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों को भी लक्ष्य दिया गया था। दिल्ली की बैठक में सभी के बारे में जानकारी दी गई तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने लक्ष्य पूरा न करने वालों को लेकर भारी नाराजगी जताई है। सभी से अपना लक्ष्य तय समय में पूरा करने के लिए कहा गया है।

### थोक में बूथ भी लक्ष्य से परे

भले प्रदेश संगठन ने 50 लाख से ज्यादा सदस्य बना लिए हैं, लेकिन थोक में बूथ भी अपने लक्ष्य से दूर हैं। कई बूथों में जहां 50 सदस्य ही बने हैं, वहीं कई तो 50 सदस्य भी नहीं बना सके हैं। हर बूथ को 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। राष्ट्रीय संगठन ने बूथों से भी अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए कहा है। इसी के साथ सदस्यता में महिलाओं की भागीदार कम देखते हुए महिलाओं को और ज्यादा सदस्य बनाने पर फोकस करने के लिए कहा गया है। सदस्यता अभियान अभी 31 अक्टूबर तक चलेगा।

# धान खरीदी में किया फर्जीवाड़ा केन्द्र प्रभारी रामदास गिरफ्तार



### 2500 क्विंटल से अधिक धान का गबन

सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि रामदास बंजारे द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के दौरान 25 सौ क्विंटल से अधिक धान का गबन किया गया था। साथ ही किसानों से खरीदे गए धान में से 600 बोरी धान को बेईमानी पूर्वक बिक्री करने के लिए श्याम राईस प्रोडक्ट बरेला के ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 2108 में लोड कराया गया था। उक्त कृत्य के लिए उनके खिलाफ थाना लालपुर मुंगेली में अपराध दर्ज करते हुए जांच की जा रही थी। आरोपी रामदास बंजारे अपराध दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- शासन को 91 लाख रुपए से अधिक की लगाई थी चपत
- बिलासपुर में छिपकर रह रहा था आरोपी

मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के गुरुवाइनडबरी धान खरीदी केंद्र में फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी रामदास बंजारे को पुलिस ने तिफरा बिलासपुर के पास घेरा बंदी कर मंगलवार को गिरफ्तार किया। गुरुवाइनडबरी धान खरीदी केंद्र प्रभारी रहते हुए फर्जीवाड़ा कर शासन को 91 लाख 68 हजार रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान पहुंचाया था।

धान खरीदी में गड़बड़ी का मामला आने पर कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं विवेक शुक्ला के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी लोरमी माधुरी धीरही के नेतृत्व में थाना लालपुर एवं साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपी रामदास बंजारे की गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित स्थानों पर छापेमारी की गई। एफआईआर के बाद से आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बिलासपुर के तिफरा के पास छिपकर अपना नाम पता बदल कर रह रहा था। सूचना पर तत्काल थाना लालपुर और साइबर सेल की टीम को गिरफ्तारी के लिए, बिलासपुर भेजा गया और तिफरा के पास आरोपी को घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# सुनील सोनी का शक्ति प्रदर्शन के साथ 25 को नामांकन, मुख्यमंत्री के साथ रहेंगे कई मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी शक्ति प्रदर्शन के साथ 25 अक्टूबर को नामांकन भरेंगे। एकात्म परिसर से निकलने वाली नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के ज्यादातर मंत्री, रायपुर के सांसद और रायपुर दक्षिण के पूर्व विधायक बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर के सभी विधायक, भाजपा के सभी टिकट के दावेदार भी शामिल होंगे। इसके पहले शुभ मुहूर्त में बुधवार को भी नामांकन दाखिल किया जाएगा। रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी पर भरोसा जताया है। सुनील सोनी ही बृजमोहन अग्रवाल की पसंद भी हैं। भाजपा में थोक में आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार थे। अब भाजपा ने चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। लगातार बैठकों का दौर भी चल रहा है।

### एकात्म परिसर से निकलेगी नामांकन रैली

नामांकन के लिए एकात्म परिसर से रैली निकाली जाएगी। इसमें भारी संख्या में रायपुर दक्षिण के साथ ही रायपुर की और विधानसभाओं के भी कार्यकर्ता शामिल होंगे। रैली में प्रदेश के कई मंत्री रायपुर के सभी विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरदंर मिश्रा और कई विधायक भी शामिल होंगे। इसी के साथ रैली में रायपुर दक्षिण से टिकट के सभी दावेदारों को भी रखा जाएगा, ताकि एकता का संदेश दिया जा सके। दावेदारों में प्रदेश के महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युजंय दुबे, अवधेश जैन का नाम प्रमुख रूप से था। नामांकन से पहले मुख्यमंत्री की सभा भी संभव है। कार्यक्रम को अंतिम रूप एक दिन पहले दिया जाएगा।

## महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया से की मुलाकात



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की प्रभारी विजया राहटकर ने मंगलवार को महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव, भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय व चम्पादेवी पावले ने उपस्थित रहकर सुश्री राहटकर को बधाई दी। भाजपा प्रदेश महामंत्री ,संजय श्रीवास्तव ने कहा, विजया राहटकर छत्तीसगढ़ की सदस्यता अभियान की प्रभारी हैं, इसके चलते उनका कई बार छत्तीसगढ़ प्रवास भी हुआ है। हम सबके लिए यह हर्ष का विषय है कि उन्हें एक नई जिम्मेदारी मिली है और हमने सभी छत्तीसगढ़ वासियों की तरफ से उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### झेरिया यादव समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा स्थित प्रधान कार्यालय यादव सामाजिक भवन में विगत दिनों छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर इकाई रायपुर की बैठक हुई। बैठक में शहर अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने कहा कि छात्रावास में 23 छात्र-छात्राओं को निशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाने और छात्रावास के नियमों तथा आपसी प्रेम, भाईचारा बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी। इसी दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुघन यादव ने छात्र-छात्राओं को अनुपस्थिति, मान्य-अमान्य, विशेष परिस्थिति में अनुमति लेने के संबंध में दिशा-निर्देश के संबंध में बताया। कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव ने कहा कि छात्रावास में इंडेक्शन चूल्हे का उपयोग वर्जित, पानी, बिजली और सफाई में ध्यान देने, उसका दोहन न करने, छात्रावास में पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृति देने की बात कही। साथ ही बैशाखू राम यादव ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आदर्श विवाह युवक-युवती कराने उद्बोधन दिया।

**आम सूचना**

(वाके मौजा ग्राम चटौद, प.ह.नं.-02/03 रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नबर पुराना 177/57, 177/4 नया नंबर 734, 727 रकबा क्रमशः 0.230 एवं 0.380 हेक्टे. भूमि के संबंध में।)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकारगण श्रीमती गोंदा बाई डहरिया, पति-भगवन्ता डहरिया, पिता-भुरवा राम गिलहरे निवासी ग्राम-पिरदा, जिला रायपुर (छ.ग.) श्रीमती चन्द्रिका बाई पुरैना पति-लक्ष्मी नारायण पुरैना पिता-भुरवा राम गिलहरे निवासी ग्राम गोंदवारा, सरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.) श्रीमती महंतिन कुर्रे पति लक्ष्मीचंद कुर्रे पिता-भुरवा राम गिलहरे निवासी-अकोली खुर्द आरंग, जिला रायपुर छ.ग. के 1/10-1/10 हिस्से की भूमि जो कि ग्राम चटौद, प.ह.नं.-02/03 रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर पुराना 177/57, 177/4 नया नंबर 734, 727 रकबा क्रमशः 0.230 एवं 0.380 हेक्टे. भूमि भुरवा पिता बाबूलाल गिलहरे के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है जो कि हमारे पक्षकारगण के पिता हैं, के द्वारा हमारे पक्षकारगण से बिना सहमति प्राप्त किये उक्त भूमि को अन्य रूप से किसी व्यक्ति या संस्था के पास विक्रय करने का कुप्रयास कर रहे हैं और भुखा राम गिलहरे के द्वारा बयाना की राशि भी प्राप्त कर ली है एवं शासन से बिना अनुमति प्राप्त किये खसरा नं.-734/1 रकबा 0.230 हे. भूमि जो कि पट्टे से प्राप्त भूमि है को भी विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं, यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा उक्त हमारे पक्षकारगण की हिस्से की भूमि का क्रय किया जाता है तो उक्त व्यक्ति या संस्था को कोई हक, अधिकार प्राप्त नहीं होगा और ना ही हमारे पक्षकारगण का पैतृक भूमि से हक हिस्सा समाप्त होगा एवं उक्त पैतृक भूमि को हमारे पक्षकारगण के पिता भुखा राम गिलहरे को विक्रय करने का अधिकार नहीं है।

अतः इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि संभावित क्रेता व्यक्ति, संस्था, निकाय, आदि के द्वारा विषयांतर्गत उल्लेखित भूमि का संव्यवहार न करे। यदि क्रेता द्वारा उक्त भूमि का क्रय या संव्यवहार किये जाने की स्थिति में संभावित क्रेता या व्यक्ति को कोई कानूनी हक, अधिकार प्राप्त नही होगा और हमारे पक्षकारगण के ऊपर बंधनकारी नहीं होगी एवं हमारे पक्षकारगण का 1/10-1/10 हिस्सा समाप्त नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-22.10.2024
भवदीय
गोपाल साहू, एस. के. शर्मा, वाय. वर्मा, सुनील देवांगन, अजय वर्मा, मोना शर्मा
अधिवक्तागण सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9926974551

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ज्ञापन //**
क्रं./वाचक / ना.तह. / सारागांव
दिनांक 16/10/2024
प्रति,
हल्का पटवारी प.ह.न. 09 पवनी जिला रायपुर (छ.ग.)
**विषयः- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।**
-00-
विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदकगण राजेन्द्र निषाद, उत्तरा निषाद दोनो पिता नंदु निषाद निवासी पिया किराना स्टोर्स लाभाण्डीह रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि मौजा पवनी प.ह.न. 09 रा.नि.म. सारागांव जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 387 रकबा 0.1880 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदित भूमि में आवेदकगण का नाम राजेन एवं रूद्रा अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः आवेदकगण द्वारा आधारकार्ड के अनुसार अपना सही नाम राजेन्द्र निषाद, उत्तरा निषाद दोनो पिता नंदु निषाद आनलाईन दर्ज कराने हेतु निवेदन किया गया है।
अतः उक्त संबंध में हल्का पटवारी संपूर्ण जांच कर प्रतिवेदन अभिमत सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत करें।
**नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ज्ञापन //**
क्रं./वाचक / ना.तह. / सारागांव
दिनांक 16/10/2024
प्रति,
हल्का पटवारी प.ह.न. 09 पवनी जिला रायपुर (छ.ग.)
**विषयः- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।**
-00-
विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदिका श्रीमति रामकुवंर पति फंकूराम निवासी ग्राम पवनी जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि मौजा पवनी प.ह.न. 09 रा.नि.म. सारागांव जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 398/7 रकबा 0.1820 हे. भूमि मेरे द्वारा क्रेता गैंदराम पिता कलानाथ निवासी ग्राम पवनी रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 12/06/2000 को विक्रय किया गया है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका एवं पटवारी रिकार्ड में धारित है।
यह कि मेरे स्वामित व अधिपत्य में भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 398/6 रकबा 0.2990 हे. एवं 412/1 रकबा 0.0110 हे. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर धारित है। आवेदक के नाम की खसरा नं. 412/1 रकबा 0.0110 हे. भूमि लिपिकीय त्रुटि के चलते क्रेता गैंदराम पिता कलानाथ के नाम से त्रुटिपूर्ण अंकित हो गया है। अतः आवेदिका द्वारा खसरा नं 412/1 रकबा 0.0110 हे. भूमि को राजस्व रिकार्ड / आनलाईन भूमि स्वामी दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।
अतः उक्त संबंध में हल्का पटवारी संपूर्ण जांच कर प्रतिवेदन अभिमत सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। **नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ज्ञापन //**
क्र. Q/ वाचक / ना.तह. / सारागांव
दिनांक 16.10.2024
प्रति,
हल्का पटवारी प.ह.न. 11 जरौदा जिला रायपुर (छ.ग.)
विषय :- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।
विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदक श्यामरत निषाद पिता पहलाज के हक एवं स्वामित्व की भूमि जो ग्राम जरौदा प.ह.न. 11 रा.नि.म धरसींवा, तह, धरसींवा जिला रायपुर छ.ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1/48, 4/2, 80/4, 191, 335/3, 435 का रकबा 0.113, 0.044, 0.234, 0.004, 0.787, 0.053 हे. भूमि से संबंधित दस्तावेज ऋण पुस्तिका पर श्यामरतन पहलाज के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि पर आवेदक दाखिल काबिज होकर कृषि कार्य कर रहा है। आवेदित भूमि पर आनलाईन रिकार्ड भूमि का खसरा नं 1/48, 4/2, 80/4, 191, 335/3, 435 का रकबा 0.113, 0.044, 0.234, 0.004, 0.787, 0.053 हे. तुलसीराम कुमारी, भारती तीनों के पिता रामू, हनुमान, रामा, गीता, ना.बा. उमा इन सभी के पिता रोहित, नीरा, पति रोहित, गोविन्द, गोपाल दोनों के पिता श्यामलाल इन सभी के नाम पर आनलाईन रिकार्ड में दर्ज दिख रहा है। अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक नाम पर आनलाईन दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।
अतः उक्त संबंध में हल्का पटवारी संपूर्ण जांच कर प्रतिवेदन अभिमत सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत करें।
**नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला रायपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन की सूचना**
मैं डेहर लाल साहू (DEHAR LAL SAHU), पिता श्री संतोष साहू, उम्र- 38 वर्ष, निवासी- शिव शंकर चौक, मकान नंबर- 02, वार्ड नंबर- 01, ग्राम सेमरिया - 02 पोस्ट नरदहा, तह. मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. (आधार नंबर- 2485 7917 7837) यह शपथ करता हूँ कि, मेरे शैक्षणिक दस्तावेज, आई.टी.आई. ट्रेनिंग प्रमाण पत्र, रेल्वे के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम **डेहर लाल (DEHAR LAL) पिता संतोष** नाम दर्ज है तथा मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पास बुक, बीमा पॉलिसी, जाति प्रमाण पत्र, बी.ए. की अंकसूची मे मेरा नाम **डेहर लाल साहू (DEHAR LAL SAHU) पिता श्री संतोष साहू** दर्ज है। अब मैंने अपना नाम परिवर्तन कर नया परिवर्तित नाम **डेहर लाल साहू (DEHAR LAL SAHU) पिता श्री संतोष साहू** परिवर्तित कर रख लिया हूँ अतः आज से समस्त दस्तावेजों में मेरा परिवर्तित से नाम **डेहर लाल साहू (DEHAR LAL SAHU) पिता श्री संतोष साहू** के नाम जाना और पहचाना जावेगा तथा मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, बीमा एवं अन्य दस्तावेज आदि में यही परिवर्तित नाम **डेहर लाल साहू (DEHAR LAL SAHU) पिता श्री संतोष साहू** लिखा जावें, पढ़ा जावे तथा दर्ज किया जावे।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 22/10/2024
भवदीय
**डेहर लाल साहू (DEHAR LAL SAHU) पिता श्री संतोष साहू**
**निवासी- शिव शंकर चौक, मकान नं- 02, वार्ड नंबर- 01. ग्राम सेमरिया - 02 पोस्ट नरदहा, तह. मंदिर हसौद, रायपुर छ.ग.**
**आधार नंबर- 2485 7917 7837**
**मो नंबर - 8085261930**

**//नाम परिवर्तन की सूचना//**
मैं श्रीमती केशर साहू (KESHAR SAHU), पति श्री डेहर लाल साहू उम्र- 34 वर्ष, निवासी- शिव शंकर चौक, मकान नंबर- 02, वार्ड नंबर- 01, ग्राम सेमरिया 02 पोस्ट नरदहा, तह. मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. (आधार नंबर- 3017 9925 3581) यह शपथ करती हूँ कि, मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम केशर पिता श्री केदारनाथ दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पास बुक में मेरा नाम श्रीमती केशर साहू (KESHAR SAHU) पति श्री डेहर लाल साहू दर्ज है। अब मैंने अपना नाम परिवर्तन कर नया परिवर्तित नाम श्रीमती केशर साहू (KESHAR SAHU), पति श्री डेहर लाल साहू परिवर्तित कर रख ली हूँ, अतः आज से समस्त दस्तावेजों में मेरा परिवर्तित नाम श्रीमती केशर साहू (KESHAR SAHU), पति श्री डेहर लाल साहू के नाम से जाना और पहचाना जावेगा तथा मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, एवं अन्य दस्तावेज आदि में यही परिवर्तित नाम श्रीमती केशर साहू (KESHAR SAHU), पति श्री डेहर लाल साहू लिखा जावें, पढ़ा जावे तथा दर्ज किया जावे।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 22/10/2024
भवदीय
**श्रीमती केशर साहू ( KESHAR SAHU ) पति श्री डेहर लाल साहू निवासी- शिव शंकर चौक, मकान नं-02, वार्ड नंबर-01, ग्राम सेमरिया-02 पोस्ट नरदहा, तह. मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.) आधार नंबर- 301799253581 मो.नं. 8839788767**

**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जानेन्द्र पाल सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री कपिल सिंह निवासी संतोषी नगर जिला रायपुर पिन नं. 492001 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्यागकर नया नाम जानेन्द्र पाल सिंह पिता स्व. श्री कपिल सिंह रख लिया हूं।
अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम जानेन्द्र पाल सिंह पिता स्व. श्री कपिल सिंह से ही जाना जावें।
**जानेन्द्र पाल सिंह**
**संतोषी नगर**
**जिला-रायपुर**
**पिन नं. 492001 (छ.ग.)**

# दक्षिण विस : अब तक 10 ने जमा किए नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत तीसरे दिन अब तक 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। मंगलवार को नंदिनी नायक, रवि भोई, सैयद मुस्लीम, मो. नासीर मोहम्मद, रिजवाना, राइट टू रिकॉल पार्टी से चम्पालाल पटेल, जुगराज जगत ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। एक अभ्यर्थी राइट टू रिकॉल पार्टी से चम्पालाल पटेल ने तीन नामांकन पत्र जमा किये। उल्लेखनीय है कि रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे। इधर भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के वकील ने मंगलवार को उनके नाम से नामांकन पत्र खरीदा। इसके पूर्व दो दिन में 20 अभ्यर्थियों ने नामांकन खरीदा था।

### चुनाव व्यय निगरानी के लिए बना उड़नदस्ता

चुनाव के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया है। इसमें संशोधित कार्यपालक मजिस्ट्रेट उप अभियंता रंजीत कुमार बरवा को बनाया गया है। वहीं पर्यवेक्षणकर्ता पुलिस अधिकारी एएसआई नीलमणी साहू एवं वीडियोग्राफर आकाश प्रधान की ड्यूटी लगाई गई है।

### स्थैतिक निगरानी टीम की लगी ड्यूटी

रायपुर नगर दक्षिण में उप चुनाव के लिए निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थैतिक निगरानी टीम की ड्यूटी लगाई गई है। नाकाबंदी पाइंट देवपुरी, भाठागांव, अग्रसेन चैक एवं सुभाष स्टेडियम चौक में स्थैतिक निगरानी टीम की ड्यूटी लगाई गई है। टीम का नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर को बनाया गया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है विधि विभाग

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह ने विधि विभाग में स्टॉफ की भर्ती करने की मांग विधि विभाग के सचिव से की है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कार्यालय स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। विगत बजट में 19 अतिरिक्त पदों के सृजन के लिए वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति दी गई थी। पद सृजन को स्वीकृति के लिए विधि मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई को वित्त मंत्रालय नस्ती प्रेषित की गई, किंतु वित्त मंत्रालय द्वारा विधि मंत्रालय को नहीं लौटाई गई है। कर्मचारी संबंधित अधिकारियों से कई बार निवेदन कर चुके हैं, पर कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई है। अतिरिक्त सेटअप स्वीकृत न हो पाने से विभाग में भर्ती और पदोन्नति में विलंब से शासकीय कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है।

### अरविंद बने जिलाध्यक्ष राजेंद्र जिला उपाध्यक्ष



रायपुर। छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज की ओर से जिला इकाई रायपुर की बैठक और जिलाध्यक्ष का चुनाव हुआ। यह बैठक प्रदेश कार्यालय काशीराम नगर स्थित गुरु रविदास भवन में विगत दिनों की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष अरविंद कुमरे और जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बरेकर को बनाया। साथ ही महिला मंडल से आशा मनघटे को जिला उपाध्यक्ष चुना गया। यह बैठक प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. केएल टांडेकर और प्रांतीय संरक्षक शिवचरण खरे के नेतृत्व में की गई। यह जानकारी समाज के जिला महासचिव संतोष चौहान ने देते हुए बताया कि बैठक में शिवचरण खरे, मनोज सेवतकर, महेश चौहान आदि सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फर्जी पेपर दिखाकर 20 लाख में बेच दी जमीन

रायपुर। राजेंद्र नगर पुलिस ने 20 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी संकेत अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हर्षद सुराना, दीपक कुमार, भवानी शंकर एवं मोहित यादव ने मिलकर उसे अकलतरा में 130 एकड़ भूमि बिक्री के लिए दिखाई थी। इस भूमि की रजिस्ट्री के दस्तावेज भी उनके द्वारा दिखाए गए थे, जिसे असली मानकर प्रार्थी ने जमीन का सौदा कर 20 लाख 19 हजार 98 रुपए अलग-अलग दिनों में आरोपियों को दिए। रकम देने के बाद जब जमीन के दस्तावेज की जांच की तो वे फर्जी निकले।

## निधन

### डॉ. मिट्ठू लाल मिश्रा



रायपुर। मिश्रा बाड़ा तात्यापारा निवासी डॉ. मिट्ठू लाल मिश्रा (82) का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अक्टूबर को सुबह 9 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे केशव प्रसाद मिश्रा के पुत्र, नितिन एवं विपिन के पिता एवं नरेंद्र देव मिश्रा, सत्यदेव मिश्रा के भाई थे।

### सरला चौबे



रायपुर। बेमेतरा निवासी सरला चौबे (81) का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बेमेतरा पिकरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नीरज, वत्सला शर्मा, शीला शुक्ला, नीलू शर्मा, सीमा दुबे की माता थीं।

# धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र पर कल बाजार में जमकर बरसेगा धन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

त्योहारी सीजन में नवरात्रि के बाद अब धनतेरस से पहले 24 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र पर बाजार में जमकर धन बरसेगा। इस बार पुष्य नक्षत्र गुरुवार को पड़ने के कारण इसका और ज्यादा महत्व है, इसलिए कारोबारियों को और ज्यादा कारोबार होने की संभावना है। यही नहीं, पुष्य नक्षत्र में दो दिनों तक शुभ मुहूर्त होने के कारण गुरुवार को दिनभर और शुक्रवार को एक बजे तक खरीदारी होगी। ऐसे में पुष्य नक्षत्र पर दो से ढाई हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से हो गया है। इसके बाद लगातार त्योहार हैं। धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र में बाजार में बूम में रहेगा। पुष्य नक्षत्र में भी वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। ग्राहक दिनभर राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में खरीदारी करने पहुंचेंगे।

## एक ही दिन में दो से ढाई हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

### कपड़ों की भी जमकर खरीदारी

कपड़ों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। पुष्य नक्षत्र पर भी बाजार गुलजार रहेगा। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक प्रदेश के शहरों के साथ आस-पास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने पहुंचे हैं। इसी के साथ लोकल ग्राहक आ रहे हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में पुष्य नक्षत्र में भी अच्छी खरीदारी होगी।



### मकान भी खूब बिकेंगे

नवरात्रि से ही रीयल एस्टेट में भी बूम आ गया है। यह बूम दीपावली तक जारी रहेगा। पुष्य नक्षत्र में दो दिनों तक मकानों की बिक्री होगी। एक अनुमान के मुताबिक रीयल एस्टेट में इस बार त्योहारी सीजन में हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। छोटे मकान जहां दस लाख तक के हैं, वहीं बड़े मकान एक करोड़ से ज्यादा के भी हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी गुलजार रहेगा। एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी से लेकर किचन के सामान, मोबाइल, फर्नीचर की भी जमकर खरीदारी होगी।

### जमकर बिकेगा वाहन

पुष्य नक्षत्र पर वाहनों की खरीदारी को भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में धनतेरस की तरह ही वाहन बिकेंगे। पांच सौ करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। जबकि होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक त्योहारी सीजन में दीपावली तक एक लाख बाइक बिकने का अनुमान है।

### सबसे ज्यादा बिकेगा सोना

इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। अब तो कीमत 80 हजार के पार हो गई है। इसी के साथ चांदी भी एक लाख के करीब है। कीमत में धनतेरस तक और इजाफा हो जाएगा। पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में आठ सौ से हजार करोड़ का कारोबार होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी का कारोबार भी भरपूर होगा।

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर, मिनट टू मिनट शेड्यूल तय, ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- राष्ट्रपति का कार्यक्रम 25 एवं 26 को राजधानी में प्रस्तावित

भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्रवास की तैयारियों में शासन-प्रशासन जुटा हुआ है। इसके लिए राष्ट्रपति के आगमन से लेकर उनके कार्यक्रम की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार उनके विमानतल पर आगमन पर अगवानी से लेकर कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद प्रस्थान करने तक कार्यक्रम की मिनट टू मिनट रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

ट्रैफिक पुलिस ने राष्ट्रपति के शेड्यूल के अनुसार एडवाइजरी भी जारी की है, ताकि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान तय मार्गों पर कुछ मिनटों के लिए आम गाड़ियों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में लोग परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सकें।

### 11 बजे विमानतल आगमन इन मार्गों से होकर पहुंचेंगी कार्यक्रम स्थल

राष्ट्रपति का जारी शेड्यूल के अनुसार 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे माना विमानतल आगमन होगा। वे यहां से सड़क मार्ग से सीधे एम्स हॉस्पिटल आडिटोरियम के लिए प्रस्थान करेंगी। इसके लिए माना विमानतल से व्हीआईपी रोड होकर पीटीएस चौक, ग्राम टेमरी, ग्राम फुंडहर चौक से फुंडहर एक्सप्रेस-वे होकर एक्सप्रेस-वे रोड होकर तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे से रिंग रोड नंबर-01 होकर पचपेड़ीनाका, संतोषीनगर, कुशालपुर चौक, रायपुरा ब्रिज के आगे से यू-टर्न लेकर सर्विस रोड से होकर ठाकुर बार टर्निंग, रोहिणीपुरम गोल चौक, गायत्री हास्पिटल चौक से एनआईटी तिराहा, रविशंकर यूनिवर्सिटी गेट के सामने, आमानाका ब्रिज, मोहबा बाजार चौक, मोहबा बाजार ब्रिज से एम्स हास्पिटल गेट नंबर 05 से प्रवेश कर एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।



### दोपहर 1 बजे राजभवन पहुचेंगी

एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम के बाद दोपहर 12.45 बजे एम्स से वापस डीडीनगर मार्ग से होकर रिंग रोड नम्बर-1 से कांशीराम नगर ब्रिज के किनारे से केनाल रोड होकर बुढ़ीमाई चौक, कटोरा तालाब चौक, पंचशील नगर चौक, आनंद नगर चौक से जीईरोड होकर भगत सिंह चौक, अंबेडकर चौक से होकर दोपहर 1 बजे राजभवन पहुंचेंगी।

### डीडीयू ऑडिटोरियम में दोपहर 3.5 बजे कार्यक्रम में होंगी शामिल

राष्ट्रपति 25 तारीख को ही अपरान्ह 3.05 बजे राजभवन से प्रस्थान कर दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम साइंस कालेज रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगी। इसके लिए उनका काफिला राजभवन चौक से आंबेडकर चौक होकर जीई रोड से भगत सिंह चौक, आनंद नगर चौक से केनाल लिंकिंग रोड होकर रिंग रोड-1 से कुशालपुर चौक, रायपुरा ब्रिज के आगे से यू-टर्न लेकर सर्विस रोड से होकर ठाकुर बार टर्निंग, रोहिणीपुरम गोल चौक, गायत्री हास्पिटल चौक, हॉस्टल चौक से बॉये टर्न होकर गुजरेगा।

### 26 को जगन्नाथ मंदिर जाएंगी

राष्ट्रपति दूसरे दिन 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे राजभवन से सीधे गायत्री नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर जाएंगी। इसके लिए आंबेडकर चौक, जीई रोड होकर एसआरपी चौक से भारतमाता चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज चौक, अनुपम नगर चौक से खम्हारडीह थाना होकर सुबह 9:10 बजे जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगी।

### 10 बजे हेलीकाप्टर से भिलाई के लिए प्रस्थान करेंगी

जगन्नाथ मंदिर दर्शन के बाद राष्ट्रपति 9:40 बजे माना विमानतल के लिए रवाना होंगी। खम्हारडीह थाना चौक से अनुपम नगर चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज सर्विस रोड से एक्सप्रेस वे मार्ग होकर फुंडहर एक्सप्रेस वे चौक से फुंडहर चौक, वीआईपी रोड होकर सुबह 10 बजे माना विमानतल पहुंचेंगी। यहां से वे हेलीकाप्टर से भिलाई के लिए रवाना होंगी, जहां कार्यक्रम के बाद दोपहर 1.05 बजे वापस माना विमानतल पहुंचकर राजभवन आएंगी।

### पुरखौती मुक्तांगन 5.05 बजे पहुचेंगी

डीडीयू आडिटोरियम कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति 4.30 बजे डीडीनगर मार्ग से होकर रिंग रोड 01 से तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे होकर फुंडहर एक्सप्रेस-वे चौक से ग्राम फुंडहर चौक से व्हीआईपी रोड होकर पीटीएस चौक, माना विमानतल तिराहा, स्टेडियम टर्निंग, चीचा तिराहा, खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक, महात्मा गांधी चौक, सेक्टर-22, राज्योत्सव तिराहा, नंदकुमार पटेल चौक होकर शाम 5.05 बजे पुरखौती मुक्तांगन पहुंचेंगी। यहां से वे सीधे राजभवन के लिए प्रस्थान करेंगी। इसके लिए वीआईपी रोड फुंडहर चौक से एक्सप्रेस-वे चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे से भारतमाता चौक, भगतसिंग चौक, आंबेडकर चौक होकर शाम 6.30 बजे तक पहुंचेंगी। रात्रि विश्राम राजभवन में प्रस्तावित है।

### आयुष विश्वविद्यालय में दोपहर 3.30 बजे कार्यक्रम में करेंगी शिरकत

राष्ट्रपति इसी दिन दोपहर 2.55 बजे राजभवन से आयुष विश्वविद्यालय नवा रायपुर के लिए रवाना होंगी, जहां 3.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति शाम 5 बजे माना विमानतल पहुंचकर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

# हथकरघा गोदाम से लाखों का धागा श्रमिक ने ही चुराया, बेचकर फरार, दो खरीदार गिरफ्तार

- कम कीमत पर धागा बेचकर फरार



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के भनपुरी स्थित केंद्रीय गोदाम से लाखों रुपए का पीसी धागा चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। चोरी करने वाला कोई और नहीं, बल्कि गोदाम में काम करने वाला एक श्रमिक कर्मचारी निकला, जो माल चुराने के बाद इस कारोबार से जुड़े कुछ लोगों को बाजार भाव से बहुत कम कीमत पर धागा बेचकर फरार हो गया है। पुलिस ने इस मामले में दो खरीदारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 लाख 80 हजार कीमत का चोरी का 63 बंडल धागा बरामद किया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### गोदाम का श्रमिक ही निकला चोर

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोदाम से 9600 किलोग्राम पीसी धागा की चोरी करने वाला आरोपी मिथिलेश श्रीवास है, जो गोदाम का कर्मचारी है। जांच में पता चला कि मिथिलेश ने 22 जून को गोदाम बंद होने के बाद भी रात करीब साढ़े सात बजे गोदाम खोलकर बाहर से मजदूर बुलाकर दो वाहन में धागा लोडिंग कराकर चोरी कर ले गया। इसके बाद उसने चोरी का धागा जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्दा और कैरा निवासी संजय कुमार देवांगन 32 वर्ष और जितेन्द्र कुमार देवांगन 37 वर्ष को बेचा था। दोनों को पता था कि जो माल वे मिथिलेश से खरीद रहे हैं, वह चोरी का है। माल चोरी का होने के कारण दोनों ने बाजार मूल्य से कई गुना कम कीमत पर यह माल खरीदा था। पुलिस ने दोनों खरीदार के गोदाम में दबिश देकर चोरी का माल बरामद किया है, जिनमें संजय के गोदाम से 16 बंडल पीसी धागा कीमत 2 लाख 49 हजार 600 रुपए एवं जीतेंद्र के गोदाम से 47 बंडल धागा, जिसकी कीमत 9 लाख 31 हजार 2 सौ रुपए बरामद किया गया है। विदित हो कि हथकरघा संघ से प्रदेश के 19 जिलों के 324 बुनकर सहकारी समितियों के माध्यम से बुनकर वस्त्र उत्पादन का कार्य किया जाता है। उक्त समितियों को गोदाम से ही वस्त्र उत्पादन के लिए धागा प्रदाय किया जाता है।

# दक्षिण क्षेत्र में आचार संहिता ने अटकाई मठपुरैना के 406 ईडब्लूएस फ्लैट की लाटरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाठागांव क्षेत्र स्थित मठपुरैना में निर्मित 406 ईडब्लूएस फ्लैट की लाटरी दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अटक गई है। किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना के तहत मठपुरैना के बीएसयूपी एचपीएल साइट में 406 बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट के लिए 1595 आवेदकों ने आवेदन किए। इस तरह करीब 4 गुना ज्यादा आवेदन मठपुरैना साइट के रिक्त आवास के लिए प्राप्त हुए हैं। आवेदन पत्रों की छंटाई और दस्तावेज की पड़ताल की जा रही है। ऐस में आचार संहिता शिथिल होने के बाद ही पात्र हितग्राहियों के आवास आवंटन की लाटरी निकाली जाएगी।

मोर मकान मोर स्कीम के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले किरायेदारों को किफायती



आवास उपलब्ध कराने नगर निगम ने शहर के 4 अलग-अलग लोकेशन में रिक्त ईडब्लूएस आवास के लिए आवेदन मंगाए। इनमें मठपुरैना, कचना, सोनडोंगरी और दलदल सिवनी साइट शामिल है। इन स्थानो पर निर्मित ईडब्लूएस फ्लैट के लिए निर्धारित संख्या से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच कर स्कूटनी की जा रही है। इस कार्य में अभी 15 दिन का समय और लग सकता है।

# तेलीबांधा तालाब के एसटीपी की देखरेख करेगी नागपुर की कंपनी, 10 साल के लिए ठेका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- तालाब का पानी दूषित होने से मरने लगी थी मछलियां

तेलीबांधा तालाब के जल शुद्धिकरण के लिए लगाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की देखरेख अब नागपुर की गो ग्रीन साल्यूशन कंपनी करेगी। नगर निगम ने आनलाइन टेंडर कर इस कंपनी को 10 साल के एसटीपी के संचालन व संधारण कार्य के लिए अनुबंधित किया है। अनुबंधित कंपनी को इस कार्य के एवज में 2 करोड़ 65 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया गया है। तेलीबांधा तालाब का पानी दूषित होने और उसमें आक्सीजन की मात्रा कम होने से तालाब की मछलियां मरने की शिकायत के बाद निगम प्रशासन ने अस्थायी रूप से स्थानीय एजेंसी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया। संबंधित एजेंसी का




कार्यकाल पूरा होते ही नगर निगम प्रशासन ने तेलीबांधा में जैविक तरीके से पानी को शुद्ध करने के लिए लगाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालन के लिए टेंडर किया। इसमें नागपुर की एजेंसी के साथ 10 साल के लिए तेलीबांधा सरोवर परिसर में स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालन व संधारण का जिम्मा दिया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि अनुबंधित एजेंसी पुराना इंफास्ट्रक्चर का उपयोग कर नई तकनीक का प्रयोग सरोवर के जल के शुद्धिकरण कार्य में करेगी।

### मछलियों की सुरक्षा के लिए नैनो स्केल फाइको न्यूट्रींट्स छिड़काव

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर तेलीबांधा तालाब में मछलियों की सुरक्षा के लिए पानी में घुलनशील आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने एजेंसी के माध्यम से नैनो स्केल फाइको न्यूट्रींट्स का छिड़काव शुरु कराया गया है। आयुक्त ने विषय विशेषज्ञ अनुबंधित एजेंसी के संचालक सहित नगर निगम के अधिकारियों को तेलीबांधा तालाब में शत-प्रतिशत मछलियों की सुरक्षा प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए। नगर निगम जोन 3 के स्वाथ्य विभाग की टीम को तालाब किनारे की सफाई करवाने निर्देशित किया गया है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा को छिड़काव अभियान के मानिटरिंग का जिम्मा दिया है।



# वेटिंग बढ़ने पर रेलवे दीपावली और छठ पूजा में चलाएगा 4 स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- बिहार जाने सारनाथ और साउथ बिहार एक्सप्रेस में 200 से अधिक वेटिंग होने पर रेलवे ने लिया फैसला

दीपावली से अधिक छठ पूजा में वेटिंग, सारनाथ में 260, स्पेशल में भी 144 के शीर्षक से हरिभूमि ने मंगलवार के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद अब जोन ने 4 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यात्रियों को अब छठ पूजा के लिए बिहार रूट में कंफर्म टिकट मिल सकेगा। बता दें कि सारनाथ और साउथ बिहार एक्सप्रेस में वेटिंग 200 होने से यात्रियों को पटना के लिए कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा था। हरिभूमि ने यात्रियों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।



दीपावली व छठ के अवसर पर चलने वाली स्पेशल ट्रेन में 08895 गोंदिया-छपरा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 व 0 4 नवंबर को चलेगी। इसके अलावा 08896 छपरा- गोंदिया स्पेशल छपरा से 4 व 5 नवंबर। तीसरे ट्रेन 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल, गोंदिया से 3 और 4 नवंबर को रवाना होगी। चौथी ट्रेन 08898 पटना - गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 02 फेरे के लिए पटना से 04 व 05 नवंबर है।

# बौद्ध समाज ने मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- खेलकूद स्पर्धा में बच्चों में दिखा उत्साह

बौद्ध समाज डीडीनगर द्वारा डॉ. आंबेडकर बुद्ध विहार अग्रोहा कॉलोनी में गत दिनों धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के लोग और नगरवासी शामिल हुए। इस अवसर पर सामुदायिक भवन डीडीनगर सेक्टर-2 में पुरुष, महिलाएं और बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा काफी उत्साह दिखाया गया। इस मौके पर इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. रमेश सुखदेवे ने 15 अक्टूबर 1956 के डॉ. आंबेडकर द्वारा जो भाषण दिया गया, उनके मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इसी दौरान मुख्य अतिथि अंजू मेश्राम ने मानवीय जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक बसंत निकोसे ने, डॉ. आंबेडकर द्वारा नासिक के समीप येवला नगर में दिए गए भाषण 13 अक्टूबर 1935 में उल्लेखित मुख्य बिंदु में कहा कि मैं हिंदू कर्म में पैदा हुआ, ये मेरे वश में नहीं था, लेकिन मैं हिंदू धर्म में



कदापि नहीं मरूंगा, के संबंध में प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को कार्यक्रम अध्यक्ष जेके भिमटे, जयश्री खोब्रागड़े आदि संबोधित किया। कार्यक्रम की अतिथि जयश्री खोब्रागड़े द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। मैत्रीय महिला समिति द्वारा धम्म पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कृत किए गए। वरिष्ठ नागरिक सम्मान सीडी खोब्रागड़े, दीपक रंगारी, एवं कौशल बंसोड़ को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। साथ ही प्रतिभावन छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र कोल्लेकर, अनिल टेंबेकर, दीपक रंगारी, विजय वाहने, मंजूषा माटे, सुशीला भिमटे, भारती टेंबेकर, वैशाली बंसोड़, सुषा निकोसे, अनीता भिमटे, डॉ. वलना सुखदेवे, ज्ञानेश्वर, नंदू नेटके, राजेश धारगावे आदि पदाधिकारी शामिल थे।

## पेज 9 के शेष ....

### चक्रवाती तूफान ने...

करनी पड़ेगी, जिन्हें रद्द नहीं किया गया है। ट्रेन रद्द होने से रायपुर मंडल और बिलासपुर जोन से लगभग हजार से अधिक यात्री प्रभावित हुए हैं, जिन्हें रेलवे ने पैसे रिफंड करने की प्रकिया भी शुरू कर दी है।

### 24 को पुरी की...

अनुसार ट्रेन रद्द होने के बाद यात्री दूसरी ट्रेन से सफर करने रिजर्वेशन कराने पहुंच रहे हैं। कम समय में यात्रियों को रिजर्वेशन मिलना मुश्किल है। वर्तमान में जिन ट्रेनों को रद्द नहीं किया है, उनमें सीटों की बुकिंग हो चुकी है। बोगी बढ़ाने से ही राहत मिल सकती है। अचानक ट्रेन रद्द करने से महीनेभर पहले से रिजर्वेशन करा चुके यात्रियों को ज्यादा दिक्कत हो रही है।

### यह ट्रेन रहेगी...

- 22973 गांधीधाम पुरी एक्सप्रेस 22 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।
- 09059 सूरत ब्रह्मपुर एक्सप्रेस 23 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।
- 18425 पुरी दुर्ग एक्सप्रेस 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।
- 20823 पूरी अजमेर एक्सप्रेस 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।
- 12844 अहमदाबाद पुरी एक्सप्रेस 26 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

### मध्य हिस्से में दो...

तापमान में गिरावट आने से चिपचिपी गर्मी से राहत मिलेगी। इस दौरान खाड़ी में बना सिस्टम पॉवरफुल होकर 24 अक्टूबर को ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मध्य पुरी और सागर दीप के पास पहुंच जाएगा। इसका असर 25 अक्टूबर से प्रदेश के मौसम में दिखाई पड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार राज्य के मध्य हिस्से में इसकी वजह से छाए बादल हल्के रूप में बरस भी सकते हैं। इसका असर 27 अक्टूबर तक रहेगा। मौसम खुलने की वजह से मंगलवार से असर दिखा रही तेज धूप के 25 के बाद पुनः कम होने और रात के तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। 28 के बाद राज्य के सीमावर्ती जिलों में ठंड की दस्तक होने की संभावना है। उत्तर-पूर्वी मानसून के सक्रिय होने की वजह से महीने के अंतिम दिनों में शुष्क हवा का राज्य में आगमन होने के प्रबल आसार बन रहे हैं। **तबीयत बिगड़ने का खतरा** : मौसम में आ रहे बदलाव का असर एक बार लोगों के स्वास्थ्य पर होने लगा है। वातावरण में आई थोड़ी ठंडकता की वजह से सर्दी, खांसी जैसी शिकायत होने लगी है।

### गैंगस्टर अमन से...

फायरिंग मामले में पूछताछ करना चाहती थी, इसलिए उसे दोबारा मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने उसे 24 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गैंगस्टर अमन को न्यायाधीश राधेश्याम ध्रुव की कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने कोर्ट में पेश करते हुए 3 दिन की पुलिस रिमांड के लिए अर्जी लगाई थी। पुलिस तेलीबांधा फायरिंग मामले में अमन से पूछताछ करना चाहती है। पुलिस की इस अर्जी पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। इसके बाद कोर्ट ने सभी नियम व शर्तों के अनुसार 3 दिन की पुलिस रिमांड की अर्जी को मंजूरी दे दी। पुलिस अब 24 अक्टूबर तक अमन से पूछताछ करेगी। **तेलीबांधा सहित अन्य वारदातों में शामिल होने का शकः** गैंगस्टर अमन के इशारे पर तेलीबांधा फायरिंग के अलावा अन्य कई वारदातों को भी छत्तीसगढ़ में अंजाम दिया गया है। पुलिस इन्हीं वारदातों को लेकर अमन से 3 दिन पूछताछ करेगी। देखना यह होगा कि इस पूछताछ में गैंगस्टर अपने अपराधों को कबूल करता है या नहीं। अगर नहीं करता है, तो क्या पुलिस रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए दोबारा कोर्ट में अर्जी लगाएगी। इन सभी सवालों के जवाब आगामी 3 दिन की पुलिस पूछताछ में मिलेंगे। फिलहाल अमन से पूछताछ जारी है।

### झारखंड से लाया...

रायपुर लाया था। यहां लाए जाने के बाद 15 अक्टूबर को उसे कोर्ट में पेश कर 5 दिन के लिए रिमांड पर भेजा था। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उसे 19 अक्टूबर को पुनः कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद उसे 28 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।

### राष्ट्रपति के कार्यक्रम की...

गार्डन पहुंचने के मार्ग के दोनों ओर पर्याप्त रोशनी हुआ करती थी। अब ऐसा नहीं है। लोग चाहकर भी शाम ढलने के बाद गार्डन तक नहीं जा पाते। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थल के पीछे गार्डन वाले हिस्से में लाइट नहीं है। यहां अंधेरा छाया हुआ है, इसलिए शाम होने के बाद सन्नाटा रहता है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है, बूढ़ातालाब प्रोजेक्ट पर्यटन मंडल को हैंडओवर कर दिया है, इसलिए वही इसकी देखभाल करवाएगा। पर्यटन मंडल ने पीपीपी मोड पर मुंबई की एजेंसी को इसका जिम्मा दे रखा है।


### एलबी संवर्ग शिक्षक...

जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षकों के चार बड़े संघ द्वारा एकजुट होकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है। इसके बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। 24 अक्टूबर को प्रदेश के शिक्षक एलबी संवर्ग सामूहिक अवकाश लेकर अपने-अपने जिला मुख्यालयों धरना प्रदर्शन कर रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

### पहली बार चांदी...

बदल रही है। इस बार कीमत में कुछ ज्यादा ही इजाफा हो रहा है। एक दिन पहले सोमवार को बाजार खुलने पर चांदी की कीमत एक लाख हो गई थी, लेकिन शाम को कीमत एक हजार कम हो गई। लेकिन अब वापस मंगलवार को चांदी की कीमत एक लाख पार होकर राजधानी रायपुर में जीएसटी के साथ एक लाख 1150 रुपए किलो हो गई है। इसी के साथ सोना दस ग्राम जीएसटी के साथ 80 हजार 700 रुपए हो गया है।

## विद्युत खंबे-ट्रांसफार्मर के आसपास न जलाएं पटाखे, होगी कर्रवाई



**रायपुर।** धनतेरस और दीपावली के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर पॉवर कंपनी के अधीक्षण अभियंता नगर वृत्त-1, इंजीनियर डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व पर प्रायः यह देखा गया है कि कुछ लोग पटाखे, रॉकेट, बम, फूलझड़ी, रोशनी रस्सी, अनारदाना आदि विद्युत खंबे, ट्रांसफार्मर के आसपास और विद्युत तारों के नीचे जला देते हैं, जिससे गंभीर विद्युत दुर्घटना होने की प्रबल संभावना रहती है। किसी अप्रिय घटना के होने से वे स्वयं भी घातक रूप से चोटिल होते हैं। साथ ही विद्युत कंपनी को भी इस तरह के विद्युत प्रदाय उपकरणों का नुकसान होने से काफी क्षति हो सकती है एवं अनावश्यक विद्युत व्यवधान उत्पन्न होता है। सभी नागरिकों से अपील है कि विद्युत खंबे एवं ट्रांसफार्मर के आजू-बाजू या आसपास और विद्युत तारों के नीचे पटाखे न जलाएं। साथ ही घर में प्रकाश व्यवस्था, विद्युत साज सज्जा आदि के लिए अवैधानिक तरीके से विद्युत का उपयोग न करें। अवैधानिक विद्युत उपभोग एवं विद्युत सुरक्षा के पालन न करने पर गंभीर विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है। विद्युत का उपयोग उचित तरीके से करने के लिए सहयोग की अपेक्षा है।

# ठंड में रात 10 से सुबह 6 बजे तक चार बार पटरियों की सर्चिंग, 16 किमी. पेट्रोलिंग

**जोन के 900 बीट पर कराई जाएगी शीतकालीन पेट्रोलिंग, दो किलोमीटर की होती है एक बीट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड में ट्रेनों के परिचालन में आने वाली दिक्कतों को लेकर रेलवे ने तैयारी पूरी कर ली है। इस बार जोन के 900 बीट पर शीतकालीन पेट्रोलिंग कराई जाएगी। एक बीट दो किलोमीटर का होता है। इसमें दो पेट्रोलिंग कर्मचारी ट्रैकमैन व कीमैन तैनात रहेंगे। वह प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक चार बार सर्चिंग करेंगे। प्रत्येक पेट्रोलिंग दल को प्रतिदिन 16 किलोमीटर चलकर लाइन का परीक्षण करना होगा। इसके साथ ही पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रैकर भी दिया जाएगा, जिससे पेट्रोलिंग के समय इन पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में इसी ट्रैकर की मदद से मोबाइल फोन द्वारा पेट्रोलमैन से संपर्क किया जा सकता है। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में तो पेट्रोलिंग शुरू भी हो गई है, जिससे ट्रेनों का परिचालन बाधित न हो।

### ठंड में बढ़ जाती हैं पटरी फ्रैक्चर की घटनाएं

सर्दियों के मौसम में आमतौर पर रेल परिचालन कठिन और चुनौतीपूर्ण होता है। इस मौसम में कोहरे के साथ ही पटरी फ्रैक्चर की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ठंड में रेल लाइन की देखभाल करते हुए यात्रियों की यात्रा को सुरक्षित बनाने में बड़ी जिम्मेदारी ट्रैकमैन की होती है। ट्रैकमैन भारतीय रेल की रीढ़ की हड्डी होते हैं। ठंड हो या गर्मी, यहां तक ख़राब मौसम में भी ट्रैकमैन रेलवे ट्रैक पर 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहते हैं।



### इन उपकरणों से रहते हैं लैस

*रेलवे का पेट्रोलमैन आपात स्थिति में रेलवे लाइन को सुधारने वाले सभी आवश्यक उपकरण 20 से 25 किलो सामान उठाकर रोजाना 16 से 20 किलोमीटर चलता है। रात के वक्त ट्रैक की पेट्रोलिंग करने वाले कर्मचारियों को एचएसएल लैंप (रात को इंडीकेशन करने वाला लैंप), लाल झंडी, नट बोल्ट कसने के लिए चाबी व पटाखे दिए जाते हैं। यदि कोई नट बोल्ट या क्लैंप ढीला दिखता है ,तो तत्काल कस दिया जाता है।*

**विभाग तय कर नियमितीकरण करने और 27 फीसदी वेतनवृद्धि की मांग**

# डाटा एंट्री आपरेटरों ने घेरा वित्तमंत्री का बंगला, परिसर के बाहर डटे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

35 दिनों से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर हड़ताल कर रहे धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों ने मंगलवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव किया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी बंगले के बाहर अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करने बैनर पोस्टर लेकर डटे रहे। बाद में पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद डाटा एंट्री आपरेटर एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद लौट गए। छत्तीसगढ़ के समर्थन मूल्य धान खरीदी, कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 2,739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर 7 माह के लंबित वेतन भुगतान और 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने की मांग को लेकरअनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। डाटा एंटी आपरेटरों ने एक दिन पहले सीएम हाउस घेराव कर प्रदर्शन किया, दूसरे दिन वित्तमंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव करने पहुंचे। अपने मांगों की अनदेखी से नाराज डाटा एंट्री आपरेटरों का कहना है, वे 17 साल से शासन के 6 विभागों का काम कर रहे हैं, पर अभी तक उनका विभाग तय नहीं हुआ है। वे बिना विभाग के काम कर रहे हैं। ऐसे में जल्द ही उनका विभाग तय कर नियमित किया जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा है, जब तक मांग पूरी नहीं होती, तब तक डाटा एंट्री आपरेटरों का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर को प्रदेशभर के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर खाद्यमंत्री के बंगले का घेराव करेंगे।

- 35 दिनों से 2 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर



# हड़ताल पर दस्तावेज लेखक और स्टांप विक्रेता, पंजीयन पोर्टल सुगम भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ जिला इकाई के आव्हान पर दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे त्योहारी सीजन में संपत्ति खरीदी-बिक्री के कारोबार पर व्यापक असर पड़ सकता है। इससे पहले सोमवार से ही पंजीयन पोर्टल सुगम एप तकनीकी खराबी के कारण बंद रहा। दस्तावेज लेखक संघ के पदाधिकारियो का कहना है प्रदेशभर के दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता अपनी कुछ मांगों को पूरा कराने महानिरीक्षक पंजीयक एवं मुद्रांक शासन का ध्यान आकर्षित कराते रहे हैं, पर विचार नहीं किया गया। संघ ने पहले एक दिवसीय फिर एक सप्ताह तक काली पट्टी लगाकर विरोध जताते हुए कार्य किया। सितंबर में 3 दिवसीय हड़ताल के नोटिस पर लंबित मांगों को 15 दिन में पूरा कराने आश्वासन दिया गया, पर एक माह बीतने के बाद भी मांग पूरी नहीं की गई। इस बीच नई योजना सुगम एप लागू कर दिया गया है, जो पारदर्शित के नाम पर आम आदमी द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का प्रचार किया जा रहा है। दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडरों का कहना है कि यह एक प्रकार से उन्हें बेरोजगार करने का उपक्रम है।

## पुरानी रंजिश पर ब्लेड से किया हमला, घायल

**रायपुर।** पुराने स्कूल में हुए झगड़े के विवाद पर युवक को ब्लेड मारकर घायल कर दिया गया। मामले में डीडीनगर पुलिस ने उज्जवल, गुलशन तथा अमित बघेल नामक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ब्लेड के वार से दीपक जगत के चेहरे पर चोट आई है, जिसे इलाज के लिए एम्स में दाखिल किया गया है।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

**बिजनेस साइट**

## गॉस मेमोरियल ग्राउंड में स्वदेशी खादी महोत्सव

**रायपुर।** गॉस मेमोरियल ग्राउंड आकाशवाणी चौक काली माता मंदिर के सामने स्वदेशी खादी महोत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों के बुनकर भाग ले रहे हैं। यहां खादी, कॉटन और सिल्क के कपड़े प्रमुखता से उपलब्ध हैं, जो आधुनिक फैशन के अनुरूप बनाए गए हैं। प्रदर्शनी में खुर्जा की क्रॉकरी, भदोही के कारपेट, गोरखपुर का टेराकोटा, बंगाल के ड्राई फ्लॉवर्स, लखनऊ का चिकन वर्क, कश्मीर की साड़ी, वाराणसी और कोलकाता की साड़ियों सहित विभिन्न वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। संस्था द्वारा वस्तुओं की बिक्री काफी कम कीमत पर की जा रही है, जिसमें हैंडलूम पर 20% और हैंडीक्रॉफ्ट पर 10% की छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी में लगभग 1 लाख वैरायटीज उपलब्ध हैं। संस्था सचिव अमर राव ने सभी रायपुरवासियों से अपील की है कि वे प्रदर्शनी में आकर बुनकरों का उत्साहवर्धन करें और दीपावली की खरीदारी कम कीमतों पर करें।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



मैनपाट में विदेशी टाउ के फूलों से ....


## कैंपस इवेंट

## गुरुकुल पद्धति में शासन का हस्तक्षेप नहीं, इसलिए सफल



**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भारतीय ज्ञान परपंरा के प्रभाव पर आधारित व्याख्यान का आयोजन मंगलवार को किया गया। यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में आयोजित इस व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में आईआईटी खड़गपुर के पूर्व निदेशक प्रो.शिशिर दुबे मौजूद रहे। अध्यक्षता हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली की सबसे खास बात है कि यह विद्यार्थियों को रटंत परिपाटी से बाहर निकाल कर शोध आधारित शिक्षा हासिल करने पर जोर देती है। एनईपी-2020 की जड़ें भारत में स्थापित हैं। साथ ही यह विद्यार्थियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सोच संचालित करती है।

### गुरु-शिष्य में सीधा संवाद आवश्यक

इस अवसर पर की-नोट स्पीकर डॉ. भूपेन्द्र करवंडे ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, पुरातन भारतीय गुरुकुल शिक्षा प्रणाली इसलिए सफल थी, क्योंकि उसमें शासन का हस्तक्षेप नहीं था। एनईपी 2020 शिक्षक एवं शिष्य में डायरेक्ट कनेक्शन स्थापित करने पर जोर देती है। संकाय पद्धति से भारतीय मूल्यों एवं संस्कृति को जाना जा सकता है। इस मौके पर व्याख्यान के लिए डॉ.रविन्द्र ब्रम्हे, डॉ.सावित्री त्रिपाठी व चेयरमेन सुशील शुक्ला उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस विजय शंकर पाण्डे एवं महाविद्यालय की डायरेक्टर स्मृति पाण्डे रहे।

## लाइव इवेंट

## विवाह बचाना वर्तमान में चुनौती तकनीक भी इसका बड़ा कारण



**रायपुर।** डिग्री गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग और छग समाजशास्त्रीय परिषद द्वारा संयुक्त रुप से झे। सेमिनार का विषय 'वैश्वीकरण और भारतीय परिवार : बदलते परिदृश्य तथा उभरती चुनौतियां' रहा। प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा, परिवार में वैवाहिक भूमिका और सत्ता के वितरण में बदलाव हो रहा है। अब परिवार का अधिकार बुजुर्गों से हटकर युवाओं को स्थानांतरित हो चुका है। जिसके कारण समाज में वृद्धाश्रम का निर्माण किया जा रहा है। घर के बुजुर्ग परिवार को साथ जोड़कर रखने के पक्ष में निर्णय लिया करते थे, लेकिन अब सभी विचारों में बदलाव आता जा रहा है।

### परिवार पर भी पड़ेगा एआई का प्रभाव

मुख्य अतिथि के रुप में आईएएस अधिकारी प्रसन्ना आर मौजूद रहे। उन्होंने कहा, एआई का प्रभाव परिवारों पर भी पड़ेगा। भारतीय परिवार की संरचना विदेश से अलग और बेहतर थी। लेकिन वर्तमान में विवाह रूपी संस्था को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती बन चुका है। तकनीक और प्रौद्योगिकी ने परिवार के बदलने में बड़ा योगदान दिया है। विवाह विच्छेद, घटता जन्म दर, कम होती सहनशीलता आज एक बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा परिवार के सभी सदस्यों को कम से कम एक घंटे बिना मोबाइल के आपस में बात करनी चाहिए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि द्रोणाचार्य शासकीय महाविद्यालय से डॉ.भूप सिंह रहे।

## सिटी इवेंट

## तनाव में आकर ना करें पढ़ाई इसे मनोरंजन की तरह देखें



**रायपुर।** सभी छात्रों को अपने समय का ध्यान रखना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में किताबों से दोस्ती करना सबसे बेहतर रहता है। जो हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण होता है। ये बातें अतिथियों ने छात्रों से कही। देवेन्द्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में मंगलवार को छात्र स्वशासन दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद एलडी दुबे और आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.स्वामी रहे। इसके आगे उन्होंने कहा, हमेशा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ते रहें। इस दौरान मुश्किलों का सरलता से सामना करना ही मुख्य उद्देश्य होता है। तनाव में आकर कभी पढ़ाई ना करें, पढ़ाई को मनोरंजन की दिशा से देखें। शाला की प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जय प्रकाश, उप प्राचार्या मौसमी भट्टाचार्या सहित अन्य विद्यार्थियों की भी इसमें भागीदारी रही।

### जिम्मेदारी से करें अनुशासन का पालन

सचिव केएस आचार्युलु ने कहा, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का पालन जिम्मेदारी से करना चाहिए। स्वशासन के दिन छात्रों ने अनुभव किया होगा कि शिक्षक का कार्य कितना महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी से परिपूर्ण होता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षकों के महत्व को बताया गया। छात्र जीवन से संबंधित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को भी बताने का प्रयास किया गया। आयोजन में सभी कक्षा के विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कई टिप्स दिए गए।

### आईआईटी, एम्स, एनआईटी और आयुष के विद्यार्थियों को उपाधियां इस सप्ताह, चारों संस्थानों में राष्ट्रपति बांटेंगी उपाधि

# 'सफेद रंग' में भी फर्क इसलिए आयुष ने खुद खरीदा कुर्ता-पैजामा, ऐसा करने वाला प्रदेश का पहला विवि



> मौजूदा सप्ताह में प्रदेश में चार शैक्षणिक संस्थानों में दीक्षांत समारोह आयोजित किए जाएंगे। खास बात यह है कि इन चारों ही संस्थानों में उपाधियां राष्ट्रपति ही बांटेंगी। छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब चार बड़े शैक्षणिक संस्थानों में दीक्षांत समारोह का आयोजन एक साथ हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ के अपने दूसरे प्रवास पर 25-25 अक्टूबर को रायपुर और दुर्ग-भिलाई आ रही हैं। इस दौरान वे चार उच्च शिक्षा संस्थान के दीक्षांत समारोह में उपाधियां देंगी। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा उनके दौरे की प्रतिपल समय-सारिणी जारी कर दी गई है।

### मंगाए गए हैं अतिरिक्त कुर्ते ताकि ना हो साइज की दिक्कत

संस्थानों में गाउन के स्थान पर पारंपरिक भारतीय परिधान में दीक्षांत होगा। लड़कों के लिए कुर्ता-पैजामा और लड़कियों के लिए ड्रेसकोड के रूप में साड़ी का चुनाव किया गया है। इसके साथ ही छात्रों को उत्तरीय भी प्रदान किया जाएगा। कई संस्थान विद्यार्थियों को पगड़ी भी प्रदान कर रहे हैं। सामान्यतः भारतीय परिधान में दीक्षांत होने की स्थिति में उत्तरीय और पगड़ी संस्थान द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जबकि कुर्ता-पैजामा और साड़ी का इंतजाम छात्रों को अपने स्तर पर करना होता है। लेकिन आयुष विवि में ऐसा नहीं हो रहा है। लड़कों के लिए सफेद रंग के कुर्ते-पैजामे तय किए गए हैं। सफेद रंग में भी कई शेड होते हैं। इससे परिधान में एकरूपता नहीं आ पाती है। इस कारण आयुष ने खुद ही कुर्ते-पैजामे बांटेगा। हालांकि लड़कियों को साड़ी खुद ही खरीदनी होगी। आयुष ने अतिरिक्त कुर्ते-पैजामे मंगाए हैं, ताकि लड़कों को साइज की दिक्कत ना हो। दीक्षांत के बाद पोशाक छात्रों द्वारा विवि प्रबंधन को लौटाई जाएगी।

> 25 अक्टूबर को एम्स और एनआईटी में दीक्षांत, 26 अक्टूबर को आईआईटी भिलाई संग आयुष में दीक्षांत

**रायपुर।** राष्ट्रपति सचिवालय से जारी मिनट्स के मुताबिक, वे 25 अक्टूबर को भुवनेश्वर से सुबह 11 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। इसके पश्चात सुबह 11:30 बजे रायपुर एम्स के दीक्षांत में शामिल होंगी। यह एम्स का दूसरा दीक्षांत है। इसके बाद वे एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। एनआईटी का दीक्षांत दोपहर 3.30 बजे प्रारंभ होगा। राष्ट्रपति 26 अक्टूबर को सुबह 11 बजे आईआईटी भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद दोपहर 3.30 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा एवं आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। वे शाम 5 बजे दीक्षांत समारोह के बाद रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

### एनआईटी : पंजीयन तिथि समाप्त साथ नहीं जा सकेंगे पालक

एनआईटी में विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि 12 से 22 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी। सभी छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य था।



पंजीयन कराने वाले छात्रों को 24 अक्टूबर को होने वाले पूर्वाभ्यास में शामिल होना होगा। दीक्षांत समारोह में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में पंजीकृत पते पर उपाधि प्रमाण पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज दी जाएगी, यदि विद्यार्थियों ने उपाधि प्रमाण पत्र के लिए फीस का भुगतान कर दिया है। यहां छात्रों के लिए सफेद कुर्ता-पैजामा और छात्राओं के लिए सफेद सलवार सूट अथवा साड़ी तय किया गया है। छात्रों के साथ आए उनके पालकों को दीक्षांत समारोह स्थल पर जाने की अनुमति नहीं होगी। उनके लिए संस्थान मे ही अलग से ऑनलाइन वीडियो स्ट्रीमिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### सभी संस्थानों में तैयारियां पूर्ण, जिला प्रशासन जारी करेगा पास

*दीक्षांत संबंधित सभी तरह की तैयारियां चारों ही संस्थानों में पूर्ण कर ली गई हैं। छात्रों से आवेदन पहले ही मंगाए जा चुके हैं। उन्हें ड्रेसकोड सहित कई अन्य जानकारियां भी प्रदान की जा चुकी हैं। यू-ट्यूब और संस्थान के वेबसाइट में भी इसका प्रसारण किया जाएगा, ताकि जो पालक इसमें शामिल नहीं हो सके हैं, वे ऑनलाइन दीक्षांत समारोह में शामिल हो सकें। चूंकि यहां राष्ट्रपति उपाधि प्रदान करेंगी, इसलिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त किया जा रहा है। विद्यार्थियों और संस्थान सदस्यों के अलावा शामिल होने वाले अन्य व्यक्तियों के लिए पास जिला प्रशासन द्वारा जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को प्रवेश नहीं मिलेगा।*

### आईआईटी भिलाई : तीसरा और चौथा दीक्षांत एक साथ



आईआईटी भिलाई का संचालन सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के कैंपस से हो रहा था। भिलाई स्थित नए कैंपस में जाने के बाद यह संस्थान का पहला दीक्षांत है। आईआईटी भिलाई अपना तीसरा और चौथा दीक्षांत एक साथ आयोजित कर रहा है। 2023 और 2024 बैच के 396 छात्रों को यहां उपाधियां प्रदान की जाएंगी। बीटेक, बीटेक ऑनर्स, एमटेक, एमएससी और पीएचडी स्कॉलर्स को दीक्षांत के लिए आंमत्रण भेजा गया है।

### एम्स : 509 चिकित्सा छात्रों को बांटी जाएगी डिग्री

एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में 509 चिकित्सा छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी।



दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस के 203 छात्रों (2017 और 2018 बैच), बीएससी (नर्सिंग) की 116 छात्राओं (2018 और 2019 बैच), एमडी, एमएस, एमडीएस के 143 और डीएम व एमसीएच की 14 डिग्री प्रदान की जाएंगी। चार छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। व्यवस्था बनाए रखने के लिए एम्स प्रबंधन द्वारा विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

# 'शिल्प सरोवर' में कश्मीर की पश्मीना शॉल सबसे महंगी

**रायपुर।** पंडरी स्थित प्रगति मैदान में लगे शिल्प सरोवर मेले में विभिन्न राज्यों से आए बुनकरों और शिल्पकारों ने स्टॉल सजाए हैं। यहां लोगों को आदिवासी संस्कृति से लेकर पुराने जमाने में उपयोग होने वाली लकड़ी की वस्तुएं आकर्षित कर रही हैं। मेले में देश के 11 राज्यों के पारंपरिक कपड़े मिल रहे हैं। ठंड को लेकर बड़ी संख्या में लोग गर्म कपड़े खरीदने पहुंच रहे हैं, जिसमें लखनवी कुर्ते लोगों के बीच पहली पसंद बने हुए हैं। बुनकरों का कहना है कि ये कुर्ता ठंड में गर्मी का एहसास कराता है। इसके अलावा युवतियां विभिन्न राज्यों की पारंपरिक सिल्क साड़ी और प्रिंट के सूट व कुर्ती लेने पहुंच रही हैं। बुनकरों ने हैंडलूम कला की विरासत को नए डिजाइन के साथ यहां प्रदर्शित किया है, जो साड़ी के शौकीन लोगों को खूब पसंद आ रही है।

> देशभर से पहुंचे बुनकर और शिल्पकार ने सजाए स्टॉल

### 11 राज्यों के पारंपरिक कपड़ों में लखनवी की बिक्री अधिक





### कॉटन सिल्क में युवकों के कुर्ते

मेले में सूती, खादी और कॉटन सिल्क में युवकों के लिए लंबे व शॉर्ट कुर्ते व धोती पसंद किए जा रहे हैं। लड़कियों के लिए टॉप, शॉर्ट कुर्ते, कुर्ता-सलवार, साड़ी, सूट मटेरियल खादी ग्रामोद्योग में आसानी से उपलब्ध हैं। खादी को सिल्क, वूल और कॉटन के साथ मिक्स किया जा रहा है। मेले में खादी की शर्ट और कपड़े खरीदे जा रहे हैं। इसके अलावा सलवार-कमीज, कुर्ता-पायजामा, साड़ी, जैकेट आदि परिधान भी उपलब्ध हैं।

### शॉल में कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता

मेला में कश्मीर के बुनकरों ने भी स्टॉल लगाया है, जिसमें कश्मीरी भेड़ और बकरी से बनी पश्मीना शॉल लोगों को पसंद आ रही है। इसकी कीमत 10 से 20 हजार तक है, जो मेले में सबसे महंगी बताई जा रही है। कीमती पश्मीना शॉल की बिक्री भी खूब हो रही है। इस शॉल पर आकर्षक डिजाइन बनी हुई है। बुनकर लोगों को पश्मीना शॉल की क्वालिटी के बारे में बता रहे हैं। प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही कश्मीर की शॉल भी दुनियाभर में मशहूर है। मेले के संयोजक अर्चना हुकरे ने बताया कि मेला 16 से 30 अक्टूबर तक रहेगा, जिसमें स्व सहायता समूहों ने भी हिस्सा लिया है।

## मानव श्रृंखला के जरिए बताई 'मत की महत्ता'



*रायपुर। विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए एक बार फिर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में वर्धमान स्कूल के छात्रों ने एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान के नारे लगाए और विभिन्न स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर 13 नवंबर लिखकर यह संदेश दिया कि हर वोट महत्वपूर्ण है। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और मित्रों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि लोकतंत्र की मजबूती में योगदान कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ।*

### मोबाइल से दूर रखने पालक कर रहे खरीदी, कई हिस्सों में विभाजित हैं ये किताबें

# धार्मिक कॉमिक बुक्स के जरिए बच्चों को बता रहे पौराणिक गाथा इसमें रामायण से लेकर महाभारत तक, नैतिक शिक्षा का भी समावेश

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मोबाइल के दौर में कॉमिक बुक के प्रति लोगों का रुझान कम होता नजर आ रहा है। 10 साल पहले चंपक, चाचा चौधरी व अमर चित्र कथा जैसे कॉमिक बुक के नाम लोगों की जुबान पर होते थे, वहीं वर्तमान में कई बच्चों को इनके नाम तक नहीं पता। अब कॉमिक का ट्रेंड लौटने लगा है, लेकिन इसका स्वरूप बदल गया है। अब बच्चों के लिए बाजार में धार्मिक कॉमिक बुक लाई जा ही हैं। इसे अधिकतर अमर चित्र कथा द्वारा तैयार किया गया है। इसमें श्रीराम, श्री कृष्ण, शिव-पार्वती, रुक्मिणी, शकुंतला जैसे कई धार्मिक किरदारों पर आधारित कॉमिक शामिल हैं। इसमें सरल शब्दों व कार्टून कैरेक्टर के माध्यम से पौराणिक कथाओं को समझाने का प्रयास किया गया है। शहर स्थित विभिन्न स्टेशनरी दुकानों में ये धार्मिक कॉमिक बुक मौजूद हैं। जिसमें कथा व पुराणों के अनुसार छोटे-छोटे भागों को कॉमिक के रुप में तैयार किया गया है। जिसे बच्चों के साथ बड़े भी पढ़ सकते हैं। वर्तमान में कई माता-पिता यह खरीदना पसंद कर रहे हैं, ताकि बच्चों का ध्यान मोबाइल व लैपटॉप से हटकर किताबों में रहे।




### धार्मिक कॉमिक बुक का प्रकाशन

बच्चों को धार्मिक शिक्षा से जोड़ने के लिए अमर चित्र कथा द्वारा कई धार्मिक कॉमिक बुक का प्रकाशन किया गया है। जिसमें शिव की कथाएं, सती एवं शिव, कार्तिकेय, गणेश, क्षत्रपति शिवाजी, शकुन्तला, जातक कथाएं एवं महर्षि दयानंद पर आधारित कॉमिक शामिल हैं। इसमें विभिन्न कथाओं से छोटे-छोटे अंश को लिया जाता है। बच्चों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होता है। उनके लिए सरल शब्दों का प्रयोग भी किया जाता है।

### वक्त के साथ कॉमिक बुक की कीमतों में उछाल

राज टॉकिज, पुराना बस स्टैंड स्थित एक दुकान संचालक ने मुकुंद पारेख ने पुराने कॉमिक बुक की जानकारी दी। उन्होंने कहा दुकान में कई विषयों की कॉमिक बुक मौजूद हैं, जिसमें हास्य से लेकर धार्मिक किताब भी शामिल है। मोबाइल का चलन बढ़ने के कारण कॉमिक बुक की खरीदी कम हो गई है, वही उनकी कीमतों में भी उछाल आया है। कुछ साल पहले जिस कॉमिक बुक की कीमत 10 रुपए थी, वर्तमान में उसकी कीमत 90 रुपए तक पहुंच चुकी है। पहले के मुकाबले अब कॉमिक बुक की खरीदी करने वाले ग्राहकों की संख्या कम है, लेकिन आज भी किताब प्रेमी कॉमिक की खरीदी करना पसंद करते हैं।

### बच्चों के लिए 'सचित्र संपूर्ण रामायण'

दुकान संचालक कुशल पारेख ने बताया, सचित्र संपूर्ण रामायण कथा की किताब दुकान में मौजूद है। जिसमें 74 अनुक्रम है, जिसे 8 भागों में विभाजित किया गया है। इमसें सभी अध्यायों को शामिल किया गया है। इमसें बालकांड, अयोध्या कांड, अरण्य कांड, किष्किंधा-कांड, सुंदरकांड, लंका कांड, उत्तर कांड और लव-कुश कांड शामिल है। जिसमें सभी अध्याय को कार्टून कैरेक्टर के जरिए दर्शाया गया है। इसके साथ ही दुकान में ध्रुव और अष्टावक्र, रुक्मिणी परिणय, श्रीराम के पूर्वज, श्रीकृष्ण व कृष्ण लीला जैसी अनेक किताबें मौजूद हैं। कॉमिक बुक की कीमत 50 रुपए से 1500 रुपए तक है।



### महादेव आधारिक कॉमिक भी

एक अन्य दुकान संचालक सुनील जैन ने बताया, पहले के मुकाबले वर्तमान में कॉमिक बुक की खरीदी कम हो गई है। जिसके कारण दुकान में केवल लोकप्रिय कॉमिक बुक को रखा गया है। इसमें चाचा-चौधरी, चंपक और अमर चित्र कथा खरीदारों की पहली पसंद है। दुकान में धार्मिक कॉमिक बुक की बिक्री अधिक होती है। जिसमें श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव की बुक की खरीदी की जाती है। जिसकी कीमत 50 रुपए से 200 रुपए तक है।

**समाज इवेंट**

## मानवीय संवेदनाएं होती हैं नारी के शासन का आधार



रायपुर। अपनी रियासत में अनाथालय, धर्मशालाएं बनवाने के साथ काशी विश्वनाथ वाराणसी का गंगा घाट रानी अहिल्याबाई होल्कर की देन है। वे रानी होकर भी स्वयं सादगी से जीवन व्यतीत करती थीं। वे नारी जाति के लिए प्रेरणा रही हैं। उन्होंने पति और ससुर की मृत्यु के बाद अपने राज्य की गद्दी संभाली और ऐसे शासन का उदाहरण पेश किया, जो सबके सामने एक आदर्श रहा। उक्ताशय के विचार एनएच गोयल स्कूल में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के बाद आयोजित रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह पर अतिथियों ने व्यक्त किए। पूर्व स्कूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वरदान या अभिशाप' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। जिसमें बच्चों ने अपने विचार खुलकर रखें।

### बुद्धिमत्ता देखकर हुए प्रसन्न

प्रमुख वक्ता महाराष्ट्र मंडल की विशाखा ने कहा, इंदौर राज्य के संस्थापक महाराजा मल्हार राव एक दिन कहीं प्रवास पर जा रहे थे। तब उन्हें एक मंदिर से सुंदर भजन की आवाज सुनाई दी। उन्होंने जब अहिल्याबाई को देखा तो उनके चेहरे का तेज और उनके जवाब देने की शैली, बुद्धिमत्ता को देखकर वह बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि वे उनके पिता से मिलना चाहते हैं। मल्हार राव ने उनके पिता से मिलकर प्रस्ताव रखा कि वे अहिल्याबाई को अपना पुत्रवधु बनाना चाहते हैं। इस तरह अहिल्याबाई का विवाह इंदौर राज्य के संस्थापक महाराजा मल्हार राव होल्कर के पुत्र खंडेराव के साथ हुआ।

**एजूकेशन लाइव**

## उद्योगों संग करार करेंगे विवि रोजगार प्रदान करने कवायद

रायपुर। युवाओं को पढ़ाई के बाद अब रोजगार के लिए भटकना नहीं होगा। विश्वविद्यालय आने वाले दिनों में उन्हें स्नातक की पढ़ाई के साथ अनिवार्य रूप से अप्रेंटिसशिप कराएंगे। जो तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए न्यूनतम एक और अधिकतम दो सेमेस्टर का होगा। जबकि चार साल के स्नातक कोर्स के लिए न्यूनतम दो व अधिकतम चार सेमेस्टर का होगा। इस दौरान उन्हें एक नियमों के तहत निर्धारित एक स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। इसे लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों और उद्योगों के बीच एक करार भी होगा। इसमें उद्योगों को तय नियमों के तहत साल में एक निर्धारित संख्या में छात्रों को अपने यहां अप्रेंटिसशिप का मौका देना होगा। युवाओं के सामने रोजगार के बढ़ते संकट का समाधान खोजते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इसे लेकर अप्रेंटिसशिप युक्त एक नए डिग्री प्रोग्राम का मसौदा तैयार किया है। जिसमें स्नातक की पढ़ाई के साथ छात्रों को अनिवार्य से अप्रेटिंसशिप कराना शामिल है।

### 'ए' रैंकिंग वाले संस्थानों से शुरुआत

फिलहाल मसौदे के तहत इस प्रोग्राम की शुरूआत देश के शीर्ष दो सौ उच्च शिक्षण संस्थानों (एनआइआरएफ रैंकिंग के अनुसार) या फिर राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) की 'ए' रैंकिंग वाले संस्थानों से होगी। हालांकि इससे पहले इन सभी उच्च संस्थानों को अपने आस-पास के उद्योगों के साथ एक करार करना होगा। जिसमें उन्हें संस्थानों में छात्रों में पढ़ने वाले छात्रों को प्राथमिकता के साथ अप्रेंटिसशिप का मौका देना होगा।

● **कृषि विवि में एग्री कार्निवाल : कृषि नवाचार के जरिए किसानों को बता रहे उन्नत खेती के तरीके**

# मैनपाट में उपजा विदेशी टाऊ बना रहा 'सेहत' आटा और कुकीज के सेवन से ब्लडप्रेशर कंट्रोल

**कृषि विवि में एग्री कार्निवाल की शुरुआत मंगलवार से हुई। यहां प्रदेश के विभिन्न विज्ञान केंद्र की ओर से कृषि नवाचार पर स्टॉल लगाया गया है, जो किसानों को उन्नत खेती को लेकर जानकारी दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ के वनों में पाए जाने वाले दुर्लभ वनस्पतियों से तैयार खाने के उत्पाद मेले में लाए गए हैं। इसमें मैनपाट में टाऊ के फूलों से बना आटा और कुकीज आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।**

रायपुर। टाऊ का फसल लोगों के लिए नया नाम है। दरअसल टाऊ एक विदेशी फसल है, जो केवल छत्तीसगढ़ के मैनपाट में होता है। यह खेती मैनपाट में रहने वाले तिब्बती व स्थानीय किसान करते हैं। इंदिरा गांधी कृषि विवि के मदद से आटा और कुकीज बनाया जा रहा है। इसमें अन्य आटा की तुलना में मैग्नीशियम, आयरन और प्रोटीन अधिक होता है है। मेला में टाऊ के फूलों से बना आटा के पैकेट 80 व कुकीज 40 रुपए में बिक रहे हैं। वैज्ञानिक ने बताया कि यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में भी मददगार है। इसमें फाइबर के अलावा मैग्नीशियम भी होता है। इसके आटे में विटामिन बी काम्प्लेक्स अधिक मात्रा में होता है, जो लीवर के लिए फायदेमंद है। इस विदेशी फसल में कई गुणकारी तत्व होते हैं, जो शरीर व स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने बताया कि नई पीढ़ी के लिए देश-प्रदेश एवं वैश्विक स्तर पर कृषि में अपार संभावनाएं हैं। इस आयोजन से विद्यार्थियों की आशाओं को नई दिशा प्रदान करने में सहायता मिलेगी।



**अलसी के रेशे से तैयार हो रहा जैकेट**

मेले में अलसी के पौधे से बने जैकेट और शर्ट की लोगों ने जमकर खरीदारी की। जैकेट 1800 में तो वहीं शर्ट की कीमत 800 रुपए तक थी। यह कपड़ा अलसी के डंठल के रेशे से तैयार किया जाता है। विज्ञान केंद्र के शेखर वर्मा ने बताया कि अलसी का पौधा जब सूख जाता है तो उसके फलों को अलग कर उसे पानी में भिगो दिया जाता है। उसके बाद उसे गन्ना पेरने वाली मशीन में पेरकर रेशे को अलग कर लिया जाता है। रेशे से सूत तैयार बनाकर उससे जैकेट, पैंट, शर्ट का कपड़ा तैयार किया जाता है। एक मीटर कपड़ा बनाने के लिए ढाई से तीन सौ ग्राम धागा चाहिए होता है। एक जैकेट को तैयार करने में डेढ़ मीटर कपड़ा लगता है। लोग अब खादी की तरह अलसी के जैकेट पहनना पसंद कर रहे हैं। खादी की तुलना में अलसी का जैकेट मंहगा है।

### मुनगा और पान के चॉकलेट में विटामिन ए और सी

*मेला मुनगा और पान के चॉकलेट लोगों को पसंद आ रहे हैं। इसकी खास बात है कि चॉकलेट में मुनगा पत्तियों की कड़वाहट नहीं है। मुनगा की पत्तियों में पोषक तत्व उसके फल-फूल, तना एवं जड़ से अधिक पाए जाते हैं। अन्य फसलों की तुलना में मुनगा की पत्तियों में लगभग 92 पोषक तत्व पाए जाते हैं। पान और मुनगा के चॉकलेट में विटामिन ए और सी शामिल है।*



### ड्रोन से 20 मिनट में एक एकड़ में दवा छिड़काव

फसलों को विभिन्न रोग से बचाने के लिए दवा का छिड़काव करना पड़ता है, जिससे एक से दो दिनों का समय लग जाता है। वर्तमान में बैटरी चलित व जीपीएस पर आधारित ड्रोन किसानों का यह काम आसान कर रहा है। मेले में किसानों को नई तकनीक से जोड़ने के लिए ड्रोन लगाया गया है। इस ड्रोन में 12 लीटर क्षमता का टैंक है। एक एकड़ में दवा छिड़काव करने के लिए 15 से 20 मिनट का समय लगता है। बाजार में इसकी कीमत 7 से 7.5 लाख रुपए है। कृषि कार्य के लिए मजदूरों की कमी व समय पर अनुपलब्धता को देखते हुए ड्रोन तकनीक लाभकारी सिद्ध होगी। ड्रोन की मदद से सब्जियों की फसल व फलदार पौधों पर पौध संरक्षण दवाओं व घुलनशील उर्वरकों का प्रयोग किया जा सकता है।



### साक्षात्कार के बाद 85 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर

एग्री कार्निवॉल के पहले दिन यूथ कानक्लेव के कृषि जॉब फेयर में उपाधि प्राप्त स्टूडेंट्स शामिल हुए। लगभग 2000 स्टूडेंट्स ने भाग लेकर 20 कंपनियों के माध्यम से जॉब प्राप्ति के लिए चर्चा की और अपना बायोडाटा जमा किया। विभिन्न कृषि क्षेत्र यथा बीज, कृषि रसायन, बायोटेक्नोलॉजी एवं डेयरी की कंपनियों ने स्टूडेंट्स का साक्षात्कार लेकर 85 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर पत्र प्रदान किए। जॉब फेयर में स्टूडेंट्स को विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा रिज्यूम बनाने व साक्षात्कार में भाग लेने की तकनीकों का भी मार्गदर्शन प्रदान किया। विभिन्न कंपनियों ने भविष्य में जॉब में चयन के लिए विद्यार्थियों का बायोडाटा लिया। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विवि के प्रबंध मंडल सदस्य, रामसुमन उइके, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बच्चों को पास्को एक्ट का ज्ञान नहीं, स्कूली शिक्षा में करें शामिल

रायपुर। यौन हिंसा के मामलों में कई जटिल समस्या आती है। जिसमें सबसे बड़ी समस्या सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यों का सामंजस्य ना होना है। सभी विभाग की अपनी अलग टीम है, जो निरंतर कार्य करती है। देश के कर्नाटक और राजस्थान इन राज्यों में सभी विभाग के सदस्यों को एक साथ ट्रेनिंग दी जाती है। ताकि समस्या आने पर कम से कम समय में सुनवाई हो सके। यह एक अच्छी पहल है, जो छत्तीसगढ़ में भी लागू होना चाहिए। यह कहना है कानून विशेषज्ञों का। कानूनी मार्गदर्शन केंद्र छग द्वारा राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसका विषय 'महिलाओं के खिलाफ लैंगिक हिंसा और पीड़ित क्षतिपूर्ति से संबंधित कानून' था। बांस टाल रोड स्थित एक निजी होटल में यह कार्यशाला हुई। राज्य बाल अधिकार से सोनल गुप्ता, संजय निराला, स्नेहल सहित कनूनी मार्गदर्शन केंद्र की टीम इसमें शामिल हुई।



### बच्चों की समझने की क्षमता अलग

*विशेषज्ञों ने कहा, 18 साल से कम उम्र के अधिकतर बच्चों को पास्को एक्ट की जानकारी नहीं होती है। 1-18 साल तक सभी बच्चों की समझने की क्षमता अलग होती है। इस दौरान बच्चों को अपराध करने से बचाने के लिए उन्हें जानकारी देना जरुरी है। जानकारी होने पर बच्चों से गलतियां नहीं होंगी। अपराध दर्ज होने के बाद बच्चों को जानकारी दी जाती है जो गलत है। अनाहिता सूर्या ने अपने व्याख्यान में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना का कार्यान्वयन की जानकारी दी। जिसमें यौन उत्पीड़न, अन्य अपराधों में पीड़ित महिलाओं व क्षतिपूर्ति योजना 2018 के कार्यान्वयन को विस्तारपूर्वक बताया गया।*

## न्यायालय के आदेश पर दिव्यांग को मिली सरकारी मेडिकल कॉलेज सीट

रायपुर। स्क्रूटनी कमेटी द्वारा प्रमाणपत्र को मान्य नहीं किए जाने से प्रवेश से वंचित दिव्यांग छात्र को न्यायालय के आदेश के आधार पर शासकीय मेडिकल कॉलेज की सीट मिल गई है। अब प्रदेश के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस की चार सीटें बाकी हैं। इन पर एडमिशन के लिए शीघ्र ही मॉपअप राउंड पूरा करने का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार एमबीबीएस-बीडीएस के दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद राज्य के चार शासकीय मेडिकल कालेज में पांच सीटें रिक्त थीं। मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए दुर्ग के चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में रिक्त एकमात्र ओबीसी पीडब्लूडी संवर्ग की सीट लक्ष्य साहू को अलॉट कर दी। जानकारी के अनुसार काउंसिलिंग के दौरान स्क्रूटनी कमेटी ने संबंधित छात्र के दिव्यांग सर्टिफिकेट को मान्य नहीं किया था। इसके खिलाफ छात्र ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने छात्र को उस सीट पर एडमिशन देने का आदेश जारी किया था। सीएमसी की सीट पर संबंधित छात्र को प्रवेश देने के बाद अब राज्य के तीन मेडिकल कालेज, जिसमें बिलासपुर में सामान्य श्रेणी की 1, कांकेर में एसटी वर्ग की 2 तथा महासमुंद मेडिकल कालेज में यूआर कैटेगरी की एक सीट खाली है।

**राज्य में 72 सीट**

राज्य के निजी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस के रिक्त सीटों की संख्या 72 हो गई है। पिछले दिनों एक निजी कालेज में छात्रा द्वारा सीट छोड़ने के बाद संख्या बढ़कर 73 हो गई थी। अब सीएमएसी दुर्ग में एक एडमिशन होने के बाद खाली बची सीट पुनः 72 हो गई है। इन पर एडमिशन के लिए मॉपअप राउंड शीघ्र प्रारंभ होने की संभावना है।

## कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज के नतीजे जारी, 237 चयनित


रायपुर। कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यूपीएससी की ओर से सीडीएस-1 के लिए फाइनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है। अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर परिणाम चेक कर सकते हैं। इसके बाद अभ्यर्थी इसमें अपना नाम एवं रोल नंबर चेक कर सकते हैं।

### चयनित उम्मीदवारों को देना होगा साक्षात्कार

यूपीएससी की ओर से सीडीएस-1 के लिए जारी की गई फाइनल लिस्ट में कुल 237 अभ्यर्थियों को जगह दी गई है। इस प्रक्रिया में सफल उम्मीदवारों को अब एसएसबी इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाएगा। एसएसबी इंटरव्यू का आयोजन सर्विस सिलेक्शन बोर्ड ऑफ द मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स की ओर से करवाया जाएगा। इंटरव्यू सहित अन्य सभी जानकारियां वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## युवा संगम के लिए आवेदन 25 तक

*रायपुर। शिक्षा मंत्रालय ने वार्षिक सांस्कृतिक और शिक्षा आदान-प्रदान कार्यक्रम, युवा संगम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। पंजीकरण की तिथि जो पहले 21 अक्टूबर को समाप्त होने वाली थी, उसे अब 25 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में लोगों की बढ़ती प्रतिक्रिया और इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण की सुविधा के कारण समय सीमा में यह विस्तार आवश्यक हो गया है। युवा संगम का उद्देश्य 18 से 30 वर्ष की आयु के भारतीय युवाओं के बीच जुड़ाव और सहयोग को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम अब अपने पांचवें चरण में है, जिसने 114 यात्राओं के माध्यम से पूरे भारत में 4,795 युवाओं के लिए अंतर-सांस्कृतिक शिक्षा और बातचीत की सुविधा प्रदान की है।*




























SAI TVS
REALL WHEELS
टीवीएस किंग CNG
अब आपके शहर रायपुर में
आज ही विजिट करें साई टीवीएस पर
TVS KING DELUXE
TVS KING DURAMAX PLUS
TVS KING KARGO
टीवीएस के नवीनतम CNG ऑटो में मिलता है शानदार माइलेज, कम प्रदूषण और बेहतरीन प्रदर्शन।
Ex-showroom
2,51,488/- से शुरू
बुकिंग शुरू
SAI TVS, DEVPURI MAIN ROAD, LALPUR
+91 62620 11188

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# 'वन डायरेक्शन' फेम गायक लियाम होटल की तीसरी मंजिल से गिरे, मौत



पॉप बैंड 'वन डायरेक्शन' के पूर्व स्टार लियाम पायने के प्रशंसकों के लिए दुखद खबर सामने आई है। गायक का 31 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार, लियाम पायने का निधन ब्यूनस आयर्स के एक होटल की तीसरे मंजिल से गिरकर हुआ। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की कि यह घटना पलेर्मो में कोस्टा रिका स्ट्रीट के एक होटल में हुई। इस खबर ने उनके प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया है। जानकारी से परिवार समेत करीबी दोस्त भी सकते में हैं।

ब्यूनस आयर्स मीडिया के अनुसार, पूर्व 'वन डायरेक्शन' सदस्य और एकल कलाकार लियाम पायने की ब्यूनस आयर्स में एक होटल की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई है। इस खबर की घोषणा बुधवार, 16 अक्टूबर को की गई। वहीं, अर्जेंटीना के प्रमुख समाचार पत्रों, ला नेसियोन और क्लेरिन ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक शख्स ड्रग्स और शराब के नशे में था। इसके बाद पुलिस होटल पहुंची। होटल मैनेजर ने कहा कि उन्होंने होटल के पीछे तेज आवाज सुनी और जब पुलिस वहां पहुंची तो देखा कि एक शख्स अपने कमरे की बालकनी से गिरा हुआ था। आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों ने बाद में पायने की मौत की पुष्टि की। ब्रिटिश गायक के निधन की खबर से म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक की लहर है। एमटीवी की लैटिन अमेरिकी शाखा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'हमारा दिल टूट गया है और हम उनके परिवार और प्रियजनों के लिए रोशनी और ताकत की कामना करते हैं।'

लियाम पायने हैरी स्टाइल्स, जैन मलिक, लुइस टॉमलिंसन और नियाल होरान के साथ प्रतिष्ठित बॉय बैंड 'वन डायरेक्शन' के हिस्से के रूप में प्रसिद्ध हुए।

## टॉलीवुड

# दोबारा शुरू हुई पवन की 'ओजी' की शूटिंग, निर्माताओं ने दी जानकारी



साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण वर्तमान में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों में व्यस्त हैं। इसके साथ ही वे अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ओजी' को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। हालांकि, अब सिनेमा में उनकी वापसी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। सुजीत द्वारा निर्देशित उनकी आगामी फिल्म 'ओजी' दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। वहीं अब इस फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वे कॉल हिम ओजी' उर्फ 'ओजी' पर लंबे समय से काम चल रहा है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पवन कल्याण की राजनीतिक प्रतिबद्धताओं के कारण फिल्म के निर्माण में कुछ देरी हुई। सुजीत द्वारा निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर का प्रशंसकों द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। वहीं, अब निर्माताओं ने एलान किया है कि फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू कर दी गई है। ओजी निर्माताओं ने लंबे अंतराल के बाद शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। टीम ने सेट से निर्देशक सुजीत की एक तस्वीर जारी की है और यह अपडेट इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। पवन कल्याण बाद में शूटिंग में शामिल होंगे। वर्तमान में, टीम उन दृश्यों को फिल्मा रही है, जिनमें पवन कल्याण की उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है। फिल्म में प्रियंका मोहन भी मुख्य भूमिका में हैं। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी पावरस्टार पवन कल्याण के दुश्मन की भूमिका निभा रहे हैं। श्रीया रेड्डी, अर्जुन दास, हरीश उथमन, अभिमन्यु सिंह और अन्य इस गैंगस्टर एक्शन ड्रामा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। थमन ने धुनों की रचना की है। डीवीवी दानय्या इस बड़ी फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

## भोजपुरी

# खेसारी का नया गाना 'साड़ी की प्लेट' मचा रहा धमाल, कनिष्का के साथ जोड़ी



लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव का भौकाल टाइट है। उनका बीते दिनों रिलीज हुआ गाना 'जुम्मा चुम्मा' धमाल मचा रहा है। यूट्यूब पर म्यूजिक कैटेगरी में यह दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। इस बीच अभिनेता का आज एक और नया गाना रिलीज हुआ है। जी हां, खेसारी का गाना 'साड़ी की प्लेट' जारी कर दिया गया है, जिसमें वे नवोदित अभिनेत्री कनिष्का के साथ रोमांस करते नजर आए हैं। खेसारी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कल 14 अक्तूबर को पोस्ट साझा कर अपने आगामी म्यूजिक एल्बम ₹साडी के प्लेटर₹ का पोस्टर जारी किया था। आज 15 अक्तूबर को यह गाना आर जे म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है। इस गाने को खेसारी लाल और शिल्पी राज ने गाया है। इस गाने में भी अभिनेता के डांस का धमाल देखने को मिल रहा है।

खेसारी के नए गाने के बोल गीतकार डीके दीवाना ने लिखे हैं। वहीं, म्यूजिक आर्य शर्मा ने दिया है। गाने का वीडियो लक्की विश्वकर्मा ने डायरेक्ट किया है। गाने को खेसारी और अभिनेत्री कनिष्का पर फिल्माया गया है और दोनों की जोड़ी बहुत जबर्दस्त है। फैंस को गाना खूब पसंद आ रहा है। यूजर कमेंट कर रहे हैं कि 'खेसारी भैया के गाने का नया रिकॉर्ड बनना चाहिए'।

लाइफ स्टाइल




तरुण का डिजिटल फैशन शो

दिग्गज भारतीय फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी ने बीते दिनों अपनी प्रस्तुति 'पीसेज ऑफ यू' देने देश का पहला, पूर्ण लंबाई वाला डिजिटल फैशन शो शुरू किया। गुरुग्राम में उनके स्टूडियो और फैक्ट्री में शूट किया गया यह शो इंस्टाग्राम पर लाइव हुआ और डिजाइनर के ब्राइडल और फेस्टिववियर कलेक्शन को पेश किया गया। 25 मिनट लंबे इस ऑनलाइन शो को देखने के लिए दुनिया भर से 8,000 से अधिक दर्शकों ने लॉग इन किया। तरुण ने मिलेनियल दुल्हन के लिए बेहतरीन कॉन्सेप्ट साड़ियों और शानदार स्टेटमेंट ब्रोकेड लहंगे से लेकर खूबसूरत केप और ब्लाउज़ और आकर्षक गाउन तक ढेरों विकल्प पेश किए।

# उम्र से कम दिखने कच्चे दूध का करें इस्तेमाल

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।





### कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइश्चराइज नजर आती है।

### शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे

त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह स्किन टेक्सचर को सुधारने के काम भी आता है।

### जवां त्वचा पाने के लिए क्या करें?

जवां त्वचा पाने के लिए सबसे सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 चम्मच शहद के साथ 2 से 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे की त्वचा पर लगा लें। इस फेस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। कम से कम 15 से 20 मिनट तक इसे लगा रहने दें। ध्यान रहें कि आप इस फेस पैक को आंखों से दूर रखें। साफ पानी और कॉटन की मदद से चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में कम से कम 2 बार कर सकती हैं। लगातार इसके इस्तेमाल से कुछ ही दिनों में आपके चेहरे की त्वचा साफ और जवां नजर आएगी।

# अहोई अष्टमी पर पहनेंगी लेहरिया साड़ी की खास डिजाइंस, खिल उठेगा सौंदर्य



फैशन

इस वर्ष 24 अक्टूबर को पड़ रही अहोई अष्टमी, महिलाओं के लिए एक एक अहम अवसर है। वैसे तो इस दिन माताएं अपने बच्चों की लंबी आयु और सफल जीवन के लिए व्रत रखती हैं, मगर इस दिन भी साजो-श्रृंगार महिलाएं वैसा ही करती हैं, जैसे वे करवाचौथ और तीज पर करती हैं। ऐसे में बाजार में अहोई अष्टमी के लिए आपको बहुत सारा स्टफ मिल जाएगा, जो आपको फेस्टिव अंदाज देने में मददगार हो सकता है। बात अगर सिंपल सोबर साड़ी की है, जो लाइट वेट होने के साथ ही आपको बहुत अच्छा लुक दे सके। आज हम लाइटवेट और खूबसूरत लेहरिया साड़ी के कुछ विकल्प दिखाएंगे, जो आप अहोई अष्टमी पर रीक्रिएट कर सकती हैं। बेस्ट बात तो यह है कि आपकी उम्र कितनी भी हो जाए आप लेहरिया साड़ी पहनकर हमेशा ही जवां-जवां नजर आएंगी।

### रफल लेहरिया साड़ी डिजाइन



साड़ी में रफल अंदाज काफी समय से लोकप्रिय हो रहा है। आपने साड़ियों के विभिन्न पैटर्न में रफल स्टाइल देखी होगी। लेहरिया साड़ी में भी आपको रफल अंदाज वाली साड़ी बाजार में मिल जाएंगी। इस तरह की साड़ी को आप डिजाइनर ब्लाउज या फिर क्रॉप टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपको ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक मिल जाएगा। अगर आप अपने साड़ी लुक को और भी बेहतर बनाना चाहती हैं, तो आप इसके साथ सूट्स, ब्रॉड लुक वाले ईयररिंग्स और झुमकियां भी पहन सकती हैं।

### गोटा वर्क लेहरिया साड़ी डिजाइन

गोटा वर्क एक पारंपरिक कढ़ाई है, जो किसी भी कपड़े पर कर दी जाए, तो उसमें एथनिक लुक आ जाता है। खासतौर पर यह कढ़ाई लेहरिया वर्क वाली साड़ी पर बहुत अच्छी लगती है। इससे आपकी साड़ी लाइटवेट होते हुए भी हेवी और डिजाइनर नजर आती है। अगर आप भी इस तरह की साड़ी खरीद रही हैं, तो इसे आप सिंपल ब्लाउज के साथ कैरी करें। ऐसा इसलिए क्योंकि साड़ी पर हैवी वर्क तब ही उभर कर नजर आएगा, जब आप उसके साथ सिंपल-सोबर ब्लाउज पहनेंगी।

# दिवाली पर चौड़े पैरों को खूबसूरत बनाएंगी बिछिया की ये नई डिजाइंस

भारतीय परंपरा में पैरों में बिछिया पहनने का महत्त्व अधिक होता है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं बदलते फैशन के दौर में आजकल इसमें भी काफी मॉडर्न तरह की सिल्वर बिछिया देखने को मिल जाएंगी। बात अगर सही डिजाइन चुनने की करें तो इसके लिए हमें अपने पैरों के आकार को समझना चाहिए। खासकर चौड़े पैरों वालों को अपने लिए बिछिया चुनते समय परेशानी का सामना करना पड़ता है। तो आइये देखते हैं बिछिया की खूबसूरत डिजाइंस-



### फ्लोरल बिछिया डिजाइन

ज्यादा हैवी और फैंसी डिजाइन की बिछिया नहीं पहनना चाहती हैं तो इस तरीके के प्लेन दिखने वाली फ्लावर डिजाइन वाली बिछिया आपके लिए बेस्ट रहेंगी आप चाहें तो फैंसी लुक के लिए स्टोन में 2 से 3 रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा एक से ज्यादा उंगलियों में एक जैसी दिखने वाली बिछिया पहन सकती हैं।

### प्लेन डिजाइन सिल्वर बिछिया

वैसे तो बिछिया में आपको कई डिजाइंस और साइज देखने को मिल जाएंगे, लेकिन डेली वियर और सिंपल लुक के लिए इस तरह की प्लेन सिल्वर की बिछिया आपके लिए बेहद खास साबित हो सकती है। इसमें आपको काफी सारे अलग-अलग आकार की बिछिया देखने को मिल जाएंगी।

### घुंघरू डिजाइन बिछिया

ज्यादा फैंसी नहीं लेकिन थोड़ा हैवी लुक देने वाली बिछिया ढूंढ रही हैं तो एवरग्रीन पसंद की जाने वाली बिछिया के डिजाइन को चुन सकती हैं। इसमें घुंघरू का डिजाइन सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

# करेले के जूस को हेयर केयर रूटीन में शामिल करने के लाजवाब तरीके, एक्सपर्ट से जानें

करेले के जूस का नाम सुनते ही अक्सर लोग टेढ़े-मेढ़े मुंह बनाने लगते हैं। करेले का जूस कड़वा होता है और इसलिए अमूमन लोग इस पीने से बचते हैं। लेकिन करेले का जूस अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है और इसलिए, अपने हेयर ग्रोथ में शामिल करने से आपको काफी फायदा मिल सकता है। अपने एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों की वजह से यह डैंड्रफ से लड़ने में सहायक है। इतना ही नहीं, इसमें मौजूद विटामिन ए, सी और आयरन हेयर ग्रोथ में मददगार है। साथ ही साथ, इससे हेयर फॉल की समस्या भी दूर होती है। बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि यह स्कैल्प के संक्रमण को भी कम करने में सहायक है। करेले के जूस के हेयर बेनिफिट्स अनगिनत हैं और इसलिए आपको इसे जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि अपने बालों का ख्याल रखने के लिए करेले के जूस का इस्तेमाल किस तरह कर सकती हैं-

### करेले का जूस और मेथी के बीज से बना हेयर ग्रोथ पैक



यह एक हेयर ग्रोथ पैक है और सप्ताह में एक बार इसके इस्तेमाल से आपके बाल तेजी से बढ़ने लगेंगे। यह पैक बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है, जिससे बाल टूटते और झड़ते नहीं हैं। सबसे पहले मेथी के बीज को रातभर भिगो दें और फिर उसे पीसकर पेस्ट बना लें। अब आप करेले के जूस में मेथी के पेस्ट को मिक्स करके एक पैक बना लें।अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30-40 मिनट तक लगा रहने दें और गुनगुने पानी और माइल्ड शैम्पू से धो लें।

### करेला और एलोवेरा से करें स्कैल्प की देखभाल

एलोवेरा और करेले के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण रेडनेस, सूजन और खुजली को शांत करने में मदद करते हैं।

कार्नर न्यूज

## मेंस फैशन में अब जरूरत बनता जा रहा है बालों में रिबॉन्डिंग कराना

# बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जान लें, मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

*पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए। इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।*



### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।



### नुकसान के लिए रही तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।

### टच अप हो जाता है जरूरी

रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है। नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो आपके बालों को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।